हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–151 : जौनपुर, मंगलवार 14 फरवरी 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## जीआईएस 2023 व जी 20 समिट अनुशासन और सुशासन के बने हैं प्रतिबिंब – सीएम योगी

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ बैठक की और आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत एक सप्ताह की अवधि में उत्तर प्रदेश ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 और जी–20 के कार्यक्रम की सफलतापूर्वक मेजबानी की है। सीएम योगी ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 40 देशों से अतिथियों का आगमन हुआ तो जी–20 में हमारे मित्र राष्ट्रों सहित 36 देशों के प्रतिनिधियों की सहभागिता हो रही है। दोनों कार्यक्रम के आयोजन में हमारे मंत्रीगणों और प्रशासनिक अधिकारियों की बड़ी भूमिका रही। एक बेहतर टीमवर्क के साथ सभी ने काम किया। स्थानीय जनता ने सकारात्मक भाव के साथ सहयोग किया। यह दोनों कार्यक्रम अनुशासन और सुशासन के प्रतिबिंब बने हैं। इन सफल आयोजनों ने पूरी दुनिया में एक नए उत्तर प्रदेश को पहचान दी है। इसके लिए पूरा प्रदेश बधाई का पात्र है। सीएम योगी ने कहा कि राष्ट्रपति की प्रेरणा से प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट–2023 आशातीत सफलता प्राप्त करने वाला रहा। 10 हजार निवेशक एक साथ एक परिसर में उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए उपस्थित हुए। 33 लाख 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक के औद्योगिक निवेश वाली यह इन्वेस्टर्स समिट ने देश में एक रिकॉर्ड बनाया है। बुंदेलखंड और पूर्वांचल जैसे विकास में पिछड़े क्षेत्रों में रिकॉर्ड औद्योगिक निवेश आया है। समिट की यह सफलता उत्तर प्रदेश को देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का मार्ग प्रशस्त करने वाली होगी। उन्होंने कहा कि विधानमंडल के बजट सत्र से पूर्व सभी मंत्रीगण अपने प्रभार के जनपदों में भ्रमण करें। स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ उद्यमियों, व्यापारी वर्ग, युवाओं से भेंट करें और उत्तर प्रदेश के आर्थिक उत्थान से परिचय कराएं। ग्लोबल इन्वेस्टर्स



समिट की सफलता के बारे में जानकारी दें। आम जनता को बताया जाए कि यह समिट किस प्रकार उत्तर प्रदेश को देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बनाने वाला है। युवाओं के लिए सृजित हो रहे नौकरी–रोजगार के मौके के बारे में उन्हें जानकारी दें। इसके अलावा सभी मंत्रीगण अपने सम्बंधित विभागों को प्राप्त औद्योगिक निवेश प्रस्तावों की तत्काल समीक्षा करें। हमें अगले छह माह की अवधि में एक बड़ी संख्या में निवेश प्रस्तावों को जमीन पर उतारते हुए ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन करना है। औद्योगिक विकास विभाग, इन्वेस्ट यूपी से आवश्यकतानुसार सहयोग लें। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के आयोजन से पूर्व सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारियों और वरिष्ठ शिक्षाविदों द्वारा प्रदेश के विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में भ्रमण कर प्रदेश के रोजगारोन्मुखी कार्यक्रमों से युवाओं का परिचय कराया गया। उनके तीन दिवसीय भ्रमण की रिपोर्ट तैयार करते हुए आगे भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजनों की तैयारी की जानी चाहिए। कैबिनेट की बैठकें जनहित की नीतियों का सबसे महत्वपूर्ण और औपचारिक माध्यम हैं। आने वाले दिनों में कैबिनेट की बैठकें राजधानी लखनऊ के अलावा अन्य महत्वपूर्ण नगरों में भी आयोजित की जाएंगी।

## 16 फरवरी से बोर्ड एग्जाम शुरू : नकल किया तो लगेगा एनएसए : सीएम योगी ने दिए कड़े निर्देश

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश में नकल विहीन परीक्षा कराने के अपने संकल्प को लेकर प्रतिबद्ध हैं। इसके लिए उन्होंने कई कड़े कदम उठाए हैं। इनमें सबसे बड़ा कदम यह है कि परीक्षा में नकल करते हुए पकड़े जाने पर एनएसए की कार्रवाई हो सकती है। साथ ही नकल में शामिल कक्ष निरीक्षकों और केंद्र व्यवस्थापकों के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की जाएगी। अब जब 16 फरवरी से यूपी बोर्ड की परीक्षाएं शुरू होने जा रही हैं तब परीक्षार्थियों के लिए यह जानना बेहद जरूरी है कि परीक्षा देते हुए उन्हें किन बातों का ख्याल रखना है। परीक्षा में पहुंचाई बाधा तो होगी कुर्की की कार्रवाई मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी बोर्ड की परीक्षाओं को लेकर पहली बार अधिकारियों को आदेश दिया कि जिलाधिकारियों की ओर से प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट और सेक्टर मजिस्ट्रेट को नियुक्त किया जाएगा। वह परीक्षा खत्म होने के बाद जिलाधिकारी के साथ जिला विद्यालय निरीक्षक को रिपोर्ट करेंगे, ताकि प्रतिदिन की गतिविधियों की जानकारी उक्त को हो सके। वहीं एग्जाम की कांपियों की सख्त निगरानी के लिए पहली बार प्रधानाचार्य कक्ष से अलग स्ट्रांग रूम बनाया जाए। साथ ही कॉपियों को डबल लॉक अलमारी में रखा जाए और उसकी मॉनिटरिंग 24 घंटे सीसीटीवी से की जाए। सभी जिलों में कक्ष निरीक्षकों की नियुक्ति के बाद एग्जाम से पहले उनका सख्ती का प्रशिक्षण किया जाए। इसके साथ ही जिला में तैनात सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक एवं वाह्य केंद्र व्यवस्थापकों का भी प्रशिक्षण किया जाए। वहीं परीक्षा में बाधा डालने व व्यवस्था को प्रभावित करने वालों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कठोर कार्रवाई की जाए और उनकी संपत्ति कुर्क की जाए। सीसीटीवी के साथ सशस्त्र पुलिसकर्मियों की निगरानी में होगा स्ट्रांग रूम सीएम योगी ने



निर्देश दिए कि प्रश्न पत्रों की सुरक्षा के लिए प्रधानाचार्य कक्ष की जगह एक अलग से स्ट्रांग रूम बनाया जाए। उनकी सीसीटीवी से निगरानी के साथ दो सशस्त्र पुलिसकर्मियों की 24 घंटे तैनाती की जाए। परीक्षा केंद्रो पर वॉयस से लैस सीसीटीवी, डीवीआर, राऊटर डिवाइस और हाईस्पीड ब्राडबैंड कनेक्शन लगाए जाएं। वहीं जिला मुख्यालय के डबल लॉक स्ट्रांग रूम से प्रश्नपत्रों के सील्ड बॉक्स को बंद गाड़ी में परीक्षा केंद्रों के डबल लॉक अलमारी में रखने के दौरान तीन सदस्य केंद्र व्यवस्थापक, वाह्य केंद्र व्यवस्थापक और स्टेटिक मजिस्ट्रेट के सामने उसे सील किया जाए। साथ ही प्रश्नपत्र खोलते समय भी तीनों की मौजूदगी सुनिश्चित की जाए। इस दौरान किसी के अनुपस्थित रहने पर उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। ऐसी स्थिति में प्रश्नपत्र को खोलते समय जिलाधिकारी या फिर अपर जिलाधिकारी की अनुमति जरूरी होगी। 58 लाख 85 हजार से अधिक परीक्षार्थियों ने कराया है रजिस्ट्रेशन इस बार यूपी बोर्ड के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए 58 लाख 85 हजार 745 परीक्षार्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। इनमें हाई स्कूल के 31 लाख 16 हजार 487 परीक्षार्थी शामिल हैं जबकि इंटरमीडिएट के 27 लाख 69 हजार 258 परीक्षार्थी शामि हैं। वहीं एग्जाम के लिए प्रदेश में 8 हजार सात सौ 53 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें 540 राजकीय, 3523 सवित्त और 4690 वित्तविहीन कॉलेज शामिल हैं।

## टर्की भूकंप पीड़ितों की मदद के लिए टीम लखनऊ ने बुलाई महत्वपूर्ण बैठक

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ।टर्की के भूकंप पीड़ितों की मदद के लिए टीम लखनऊ की अध्यक्ष निगहत खान के कार्यालय पर लखनऊ की विभिन्न सामाजिक संगठनों की आज एक अहम बैठक बुलाई गई।जिसकी अध्यक्षता एम.एम ग्रुप के चेयरमैन और समाजसेवी मुरलीधर आहूजा ने की तथा संचालन टीम लखनऊ के संस्थापक और जनरल सेक्रेटरी मुर्तुजा अली ने किया।मीटिंग में इंसानियत वेलफेयर सोसाइटी,मदद फाउंडेशन, एहसास फाउंडेशन,एम एम ग्रुप,सर्व समाज उद्योग व्यापार मंडल, हिंदुस्तान सेवा संस्थान,अल खैर फाउंडेशन ,शराबबंदी संघर्ष समिति, पीस एजुकेशनल चौरिटेबल ट्रस्ट,उत्तर प्रदेश जिला मान्यता प्राप्त पत्रकार एसोसिएशन आदि सामाजिक संगठनों ने हिस्सा लिया।मीटिंग की अध्यक्षता कर रहे एम एम ग्रुप के चेयरमैन मुरलीधर आहूजा ने टर्की के भूकंप पीड़ितों की मदद के लिए लोगो से दिल खोलकर दान करने की अपील की।उन्होंने कहा कि वहां पर बड़ी आपदा आई है इसलिए कोशिश करके कम से कम 11111111(एक करोड़ ग्यारह लाख ग्यारह हजार एक सौ ग्यारह रूपये इकट्ठा करके नई दिल्ली स्थित तुर्की दूतावास को सौंप दिया जाए। बैठक में सर्वसम्मति से कई मुद्दों पर सहमति बनी है।जिसमें इस मदद अभियान का नाम मिशन हेल्प फॉर तुर्की रखा गया है।इस मिशन के लीडर के तौर पर इंसानियत वेलफेयर सोसाइटी केअध्यक्ष और टीम लखनऊ के संस्थापक सदस्य कुदरत उल्ला खान और टीम लखनऊ की अध्यक्ष निगहत खान को जिम्मेदारी सौंपी गई



है।टीम लखनऊ के संस्थापक सदस्य जुबेर अहमद और तौसीफ हुसैन,आबिद कुरैशी को सभी धर्म गुरुओं के साथ सामंजस्य बनाकर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से लोगो से मदद की अपील करवाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।इस पूरे मिशन मैं कौन–कौन सी संस्थाएं और कौन लोग कितनी मदद कर रहे हैं और यह मदद किस तरीके से तुर्की तक पहुंचाई जाए इस पूरे काम की जिम्मेदारी लीगल टीम की होगी जिसमें 5 सदस्यों होंगे।जिसमें मुरलीधर आहूजा ,अब्दुल वहीद ,मुर्तजा अली ,निगहत खान ,नूरेन आलम इसके सदस्य होंगे। इसी तरह सोशल मीडिया की जिम्मेदारी सर्व समाज उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष असीम मार्शल, एहसन रईस,शादाब सिद्दीकी,नोमान फारूकी, ज्योति सिंह अग्रवाल,इमरान खान,मोहम्मद अफाक को दी गई है। बैठक के बाद भूकंप में हताहत हुए लोगों के लिए 1 मिनट का मौन रखकर उनको श्रद्धांजलि दी गई तथा उनकी मगफिरत के लिए दुआ भी गई।आज की बैठक में समाजसेवी सेवी सुशील दुबे, रज्जन आतिफ उस्मानी सतरिख मदद फाउंडेशन के अध्यक्ष सैयद मुजीब भाई मौलाना फैजान नदवी मोहम्मद नोमान आदि मौजूद थे।

## ब्लैक डे पर छोटे बच्चों के साथ वृक्षारोपण कर शहीदों को दी गयी भावपूर्ण श्रद्धाजंलि

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अल्फावेटज प्री स्कूल देवनगर रुहट्टा जौनपुर मे जम्मू कश्मीर में चार साल पहले हुए पुलवामा हमले की बरसी पर आज अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट परिवार के तरफ से श्रद्धांजली और वृक्षारोपण का कार्य किया गया। कार्यक्रम में अब्दुल्ला तिवारी ने बताया कि आज ट्रस्ट की तरफ से शहीदों के याद मे वृक्षारोपण किया गया और कैडल जलाकर मौन रखकर स्कूल के छात्र और शिक्षक और शिक्षिकाओं के साथ सभी सदस्यों ने श्रद्धांजलि दिया । उर्वशी सिंह ने कहा कि आज शहीद सैनिकों के सम्मान में उनको श्रद्धांजलि दी गई है और कहा कि आप सबका बलिदान समाज पर ऋण है। इसी क्रम में ट्रस्ट के दीपक श्रीवास्तव पत्रकार ने कहा कि मां भारती के अमर वीर सपूतों को शत–शत नमन करते है।आप सभी का त्याग और बलिदान हम सभी को आतंकवाद के विरुद्ध एकजुट करता है।इनके परिजनों को भगवान दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करे।पुलवामा हमले में शहीद जवानों के परिवार वालों को सरकार द्वारा पूरी मदद की जानी चाहिए और समय–समय पर उनके परिवार जनों का भी हाल चाल लेते रहना चाहिए जिससे आने वाले समय में जवानों के परिजनों का मनोबल ऊंचा रहे। आज हम लोग स्कूल में नन्हे–मुन्ने बच्चों से उन शहीदों की बातों को साझा कर रहे हैं जिससे आने वाले समय में इन बच्चों को अपने देश की रक्षा करने वाले शहीद हुए जवानों को बताने की आवश्यकता ना हो। विद्यालय के प्रबंधक आशीष श्रीवास्तव ने



कहा कि उनकी बहादुरी और सर्वोच्च बलिदान प्रत्येक भारतीय को एक मजबूत और समृद्ध देश की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करता है। अमर जौहरी ने कहा कि'पुलवामा में आज के दिन अपनी जान गंवाने वाले हमारे सभी वीर जवानों को मेरी भावभीनी श्रद्धांजलि. हम उनके और उनके परिवारों के सर्वोच्च बलिदान के लिए हमेशा ऋणी रहेंगे.' विद्याधर राय विद्यार्थी ने कहा कि आज के ही दिन 2019 में आतंकियों ने पुलवामा में सैनिकों की बस पर आतंकी हमला किया था. इस हमले में सीआरपीएफ के 40 जवान शहीद हो गए थे और कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे. जैश–ए–मोहम्मद के एक आतंकी ने राज्य के पुलवामा जिले में विस्फोटकों से लदे वाहन से सीआरपीएफ के जवानों की एक बस को टक्कर मार दीथी और बस से जा रहे सीआरपीएफ जवान इस हमले में शहीद हो गए थे। ज्ञान चंद्र गुप्ता ने कहा कि आज के परिवेश में छोटे बच्चों को अपने देश के बारे में पहले से ही बताने की आवश्यकता है, ट्रस्ट से राधिका सिंह और नागेंद्र नाथ सिंह सभी आए हुए अतिथि विद्यालय के शिक्षक और शिक्षिकाओं का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया! श्रद्धांजलि सभा मे प्रियंका श्रीवास्तव, अदिति श्रीवास्तव दीक्षा सिंह, निशी मिश्रा, स्नेहा सिंह मुख्यरुप से भी मौजूद रही।

## छूटे दिव्यांगजन तत्काल करवाये अपना आधार आथेन्टीकेशन –दिव्या शुक्ला

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी दिव्या शुक्ला ने अवगत कराया है कि जनपद जौनपुर में कुल 21327 दिव्यांगजनों आधार आथेन्टीकेशन (के0वाई0सी0) हो गयी थी जिनकी दिव्यांग पेंशन की तृतीय तिमाही की धनराशि उनके खाते में अन्तरित हो गयी है एवं चतुर्थ तिमाही (जनवरी, 2023, फरवरी, 2023 एवं मार्च, 2023) की धनराशि माह फरवरी, 2023 के अन्त तक या मार्च, 2023 प्रथम सप्ताह में दिव्यांगजनों के खाते में निदेशालय द्वारा अन्तरित की जायेगी। अभी भी 1645 दिव्यांगजनों द्वारा अपना आधार आथेन्टीकेशन (के0वाई0सी0) नहीं करवाया गया है जिसके कारण उनके दिव्यांग पेंशन की चतुर्थ तिमाही की धनराशि खाते में अन्तरित नहीं हो पायेगी एवं दिव्यांग पेंशन से वंचित हो जायेंगे। अतः जिन दिव्यांगजनों का आधार आथेन्टीकेशन (के0वाई0सी0) नहीं हुआ है वे स्वयं के माध्यम से या किसी साइबर कैफे के माध्यम से वेब पोर्टल **https%//sspy&up.gov.in** पर मोबाइल के माध्यम से ओ.टी.पी. प्राप्त कर अपना आधार आथेन्टीकेशन (के0वाई0सी0) तत्काल करवाना सुनिश्चित करें अथवा अपने आधार कार्ड की प्रति पर मो0नं0 एवं खाता नं0 अंकित कर व्हाटसप नं0 8934045245 पर उपलब्ध करायें उनका आधार आथेन्टीकेशन (के0वाई0सी0) कार्यालय द्वारा करा दिया जायेगा।

**पाठक बन्धुओं से अनुरोध**

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट **www.Desh ki upasana.com** का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - **dku live** सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए **Like&Subscribe** जरूर कीजिए।

–संपादक


## जेसीआई चेतना ने आयोजित किया मात–पिता पूजन कार्यक्रम

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जेसीआई जौनपुर चेतना द्वारा माता पिता पूजन कार्यक्रम पूर्व संध्या पर संस्था अध्यक्ष सोनी जायसवाल के नेतृत्व में शहर के एक प्रतिष्ठित स्थान पर आयोजित किया गया



अध्यक्ष ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि माता पिता का स्थान भगवान के बाद आता है इसलिए सभी को अपने माता–पिता का पूरा ध्यान रखते हुए उनकी सेवा करनी चाहिए समाज भी इस कार्य को देखकर उसका अनुकरण करता है जिससे समाज में संस्कार की बढ़ोतरी होती है संस्था के सदस्यों के बच्चों ने अपने माता–पिता का टीका लगाकर आरती उतारते हुए माल्यार्पण कर पैर छूते हुए प्रणाम किया, निवर्तमान अध्यक्ष/जोन कोऑर्डिनेटर श्रथ्ड अभिलाषा श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम करके जेसीआई चेतना संस्था समाज में एक संदेश देने का कार्य कर रही है संस्था के पदाधिकारी और अध्यक्ष बधाई के पात्र हैं कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष सरला माहेश्वरी, सचिव मीरा अग्रहरि राकेश जायसवाल, डॉ प्रशांत त्रिवेदी, रंजीत सिंह, मंजू जायसवाल, सुधा बैंकर, डॉ आकांक्षा द्विवेदी, रिंकी जायसवाल, प्रतिमा गुप्ता, अनीता गुप्ता, ममता केसरवानी, संचिता बैंकर,अंजू जायसवाल, वंशिका सिंह, रविंदर कौर,ज्ञानेश्वरी गुप्ता उपस्थित रही कार्यक्रम का संचालन सचिव मीरा अग्रहरी ने किया आए हुए सभी पदाधिकारी और सदस्यों का आभार कार्यक्रम संयोजक रिंकी जायसवाल ने व्यक्त किया!

## हनुमान जी का पूजा अर्चन के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मुंगराबादशाहपुर के प्रतापगढ़ रोड पर स्थित दौलतिया हनुमान जी के मंदिर पर फागुन माह के प्रथम मंगलवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालु भोर से ही स्वस्छ परिधानों में हनुमान जी का पूजा अर्चना करने के लिए मंदिर पर पहुंच गए। कतारबद्ध होकर हनुमान जी का दर्शन पूजन किया। प्रभू संकट मोचन हनुमान जी के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। नवविवाहित जोड़ों ने मंदिर पहुंच कर प्रभू हनुमान जी के चरणों में माथा टेक कर आर्शीवाद प्राप्त किया। जीवन में खटास न आए इसकी मनौती मांगी। बभनौटी निवासी विद्वान पंडित सिद्वार्थ त्रिपाठी ने बताया कि आज के दिन महाबली हनुमान जी सिंदूर को लेपन करने तथा अराधना करने से घर में सुख शांति व समृद्धि की प्राप्ति होती है।मंदिर के पुजारी रामलाल ने बताया कि जो भी इस दरबार में आता है वह कभी भी खाली हाथ वापस नही लौटते है। प्रभु हनुमान जी इनकी सारी मनोकामनाएं पूरा करते है।

## नयी लाईन ऊर्जीकृत करने के लिए कल से शुरू होगा काम

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मछलीशहर मुंगराबादशाहपुर 132 के० वी की नयी लाईन को ऊर्जीकृत के लिए 15 फरवरी को काम शुरू करने का प्रस्ताव प्रस्तावित है। उक्त जानकारी जेई मनोहर ने दी है। उन्होंने ने बताया है कि यह लाईन व टॉवर निकामुददीनपुर, पहाड़पुर, कोढ़ा, खजुरहट, मथुरा, जुडऊपुर, फुटहॉ, चकइंग्लिश, बटनहीत, खाखोपुर, बोडेपुर, कुंवरपुर, सरायबीका, सोंगह, मड़वादोदक, रामपुर सवाई, जखनियॉ, नारायनपुर, धरमपुर एवं उकनी गांव से होकर गुजर रही है। इस दौरान क्षेत्रवासियों से अपील है कि इस लाईन व टॉपरों पर कोई ऐसा काम न करे और साथ ही सावधानी बरतने के लिए लाईन एवं टॉवर से आवश्यक दूरी बनाकर रखे। ताकि जन हानी व कोई अप्रिय घटना न घट सके।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

योगी न बन सके तो उपयोगी अवश्य बनें।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# घटती आबादी से बढ़ेगी चीन की मुश्किल

विकास दर में कमी, महामारी, सरकारी व निजी क्षेत्र की बढ़ती ऋणग्रस्तता तथा अमेरिका समेत विभिन्न मुल्कों की बढ़ती बेरुखी के चलते पहले से ही मुश्किल में आए चीन की परेशानियां जनसंख्या की कमी के कारण और भी बढ़ सकती हैं।

वर्ल्ड पॉपुलेशन रिव्यु के अनुमानों के अनुसार, वर्ष 2022 के अंत तक भारत की जनसंख्या 141.7 करोड़ हो गई, जबकि 17 जनवरी, 2023 को चीन द्वारा घोषित उसकी जनसंख्या 141.2 करोड़ से 50 लाख ज्यादा हो गई है। यानी भारत अब दुनिया का सबसे ज्यादा आबादी वाला देश बन गया है। यही नहीं, चीन द्वारा घोषित जनसंख्या अनुमानों के अनुसार, उसकी आबादी में पिछले वर्ष 8.5 लाख की गिरावट आई। वर्ष 1960 के बाद चीन की जनसंख्या में यह गिरावट पहली बार आई है, जबकि भारत में जनसंख्या की वृद्धि दर तो पहले से कम हुई है, पर आबादी अब भी बढ़ रही है और विशेषज्ञों के अनुसार, यह कम से कम वर्ष 2050 तक लगातार बढ़ने वाली है। हालांकि कोरोना के कारण 2021 में होने वाली जनगणना टाल दी गई थी, इसलिए उसके अनुमान आना अभी बाकी है। जनसांख्यिकी के आधिकारिक आंकड़ों के अभाव में विभिन्न एजेंसियां अलग–अलग आंकड़े प्रस्तुत कर रही हैं, लेकिन सभी में समानता यह है कि देश की जनसंख्या लगातार बढ़ रही है।

यह बात तो सर्वविदित ही है कि भारत दुनिया का सर्वाधिक युवा देश है, यानी भारत की युवा आबादी चीन समेत दुनिया में किसी देश से ज्यादा है। चीन की जनसंख्या लंबे समय से भारत से ज्यादा बेशक रही है, लेकिन उसकी युवा आबादी भारत की युवा आबादी से कम ही रही। इसका कारण यह है कि 1980 के दशक में चीन ने अपनी जनसंख्या पर नियंत्रण के लिए हर दंपत्ति के लिए एक ही संतान की अनिवार्य शर्त रख दी, यानी कोई भी दंपत्ति एक संतान से अधिक पैदा नहीं कर सकता। यदि किसी भी महिला द्वारा एक से अधिक संतान पैदा करने का प्रयास किया जाता था, तो उसे विभिन्न प्रकार से प्रताड़ित किया जाता था। एक बच्चे के जन्म के बाद किसी महिला के गर्भधारण करने पर जबर्दस्ती गर्भपात भी करवाया जाता था।

एक संतान की नीति को क्रूरता से लागू करने के कारण चीन की जनसंख्या की वृद्धि दर में भारी कमी आ गई और अब अंततोगत्वा चीन की जनसंख्या घटने लगी है। दूसरी तरफ भारत में भी हालांकि जनसंख्या नियंत्रण के उपाय तो किए गए, और सामान्य परिवार दो बच्चों तक ही सीमित हो गए, लेकिन इसमें जबर्दस्ती की कोशिश नहीं थी। इस तरह जनसंख्या की वृद्धि दर घटने लगी।

जनसांख्यिकी के हाल ही में प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार, देश में कुल प्रजनन दर 2019 के 2.2 से घटकर 2022 तक 2.159 रह गई। गौरतलब है कि यदि प्रजनन दर 2.0 प्रतिशत से कम होती है, तो जनसंख्या घटने लगती है। लेकिन पूर्व में जनसंख्या वृद्धि की प्रवृत्तियों के कारण और 1980 और 1990 के दशकों में जनसंख्या वृद्धि की दर दो प्रतिशत के आसपास रहने के कारण देश में बच्चों की जनसंख्या में खासी वृद्धि हो गई। 1980 और 1990 के दशक में पैदा हुए बच्चे 2000 और 2010 के दशक में युवावस्था को प्राप्त हुए। यानी देश में युवा जनसंख्या का अनुपात बढ़ने लगा। आज हमारी 65 प्रतिशत जनसंख्या 35 वर्ष से कम है। लेकिन चीन की एक संतान नीति के कारण उनकी जनसंख्या में युवाओं का अनुपात कम होता गया।

हालांकि भारत में युवा जनसंख्या के बढ़ने और देश में उस अनुपात में रोजगार न बढ़ पाने के कारण देश के युवा दुनिया के दूसरे मुल्कों में रोजगार की तलाश में जाने लगे। इस कारण से शेष दुनिया में भारतीयों की संख्या बढ़ने लगी और उनके द्वारा भारी मात्रा में विदेशी मुद्रा कमाकर भारत में भेजी जाने लगी। वर्ष 2022 में भारतीयों द्वारा स्वदेश भेजी जाने वाली राशि 100 अरब डॉलर से भी ज्यादा रही। यह राशि अनिवासी चीनियों द्वारा चीन भेजी जाने वाली राशि से कहीं ज्यादा थी। भारत में श्रमशक्ति की उपलब्धता काफी बढ़ गई और उसका पूरा उपयोग भी नहीं हो पाता, बेरोजगारी में भी देश में भारी वृद्धि देखी जा रही है।

चीन में तेजी से बढ़ती जनसंख्या और उसके अनुपात में संसाधनों की कमी से घबरा कर वहां के कम्युनिस्ट शासकों ने क्रूरता से एक संतान की नीति लागू तो कर दी, पर चीन को इसके साथ एक अन्य समस्या का सामना करना पड़ा। वह यह कि वहां युवाओं की तुलना में बुजुर्गों का अनुपात बढ़ने लगा। इसका असर यह हुआ कि चीन में श्रमशक्ति की कमी हो गई और मजदूरी दर भी बढ़ने लगी। लेकिन अब चूंकि चीन की जनसंख्या ही घटने लगी है, ऐसे में, उसकी मुसीबतें और बढ़ सकती हैं।

पहले से ही विकास दर की कमी, महामारी, सरकारी और निजी क्षेत्र की बढ़ती ऋणग्रस्तता तथा अमेरिका समेत दुनिया के विभिन्न मुल्कों की बढ़ती बेरुखी के चलते पहले से ही मुश्किल में आए चीन की परेशानियां जनसंख्या की कमी से और बढ़ सकती हैं। आज चीन में खाद्य पदार्थों, अन्य विनिर्मित उत्पादों और साज–ओ–सामान का उत्पादन बहुत अधिक मात्रा में होता है, लेकिन घटती जनसंख्या के चलते वहां घरेलू मांग प्रभावित हो सकती है। भारत और अन्य मुल्कों में आत्मनिर्भरता के प्रयास भी साज–ओ– सामान की उसकी मांग को कम कर सकते हैं। घटती घरेलू मांग चीन की अर्थव्यवस्था में ठहराव का कारण बन सकती है।

आने वाली मुसीबत को समझते हुए चीन की सरकार ने कुछ साल पहले अपनी एक संतान नीति में कुछ ढिलाई का एलान तो किया, लेकिन श्रमशक्ति और घरेलू मांग में वृद्धि के संबंध में इसके परिणाम आने में काफी देर लग सकती है। आज अवसर है कि भारत अपने जनसांख्यिकी लाभ, चीन के संकटों और रूस समेत दुनिया में भारत के लिए खुलते नए बाजारों का लाभ उठाते हुए आत्मनिर्भरता के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़े। सरकार इस मामले में संवेदनशील है और इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए चीन से आयातों को रोकने हेतु पीएलआई स्कीम, एंटी डंपिंग ड्यूटी और अन्य रुकावटें लगा रही हैं।

चीन से आने वाले अंधाधुंध आयातों के कारण पूरी दुनिया में मैन्यूफैक्चरिंग प्रभावित हुई, जिसके कारण दुनिया भर के मुल्कों को बेरोजगारी का सामना करना पड़ रहा है। चीन की बढ़ती आर्थिक और सामरिक ताकत के चलते भारत समेत चीन के सभी पड़ोसी देश ही नहीं, कई दूसरे मुल्क भी आशंकित हैं। आज जब चीन संकट में है, तो उन सभी मुल्कों को एक रणनीति के तहत वे उपाय करने होंगे, ताकि चीन के कम्युनिस्ट शासकों की आर्थिक और सामरिक ताकत घटे और वह दुनिया को परेशान न कर सके।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## दिल की धड़कनों पर खतरा बढ़ा : एसआरएन में दो साल में आए पांच हजार आर्ट अटैक के मरीज

प्रयागराज ब्यूरो : दिल की धड़कनों पर खौफ का साया घना होता जा रहा है। आंकड़े पैर से जमीन खिसका देने वाले हैं। अकेले मोती लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के स्वरूपरानी नेहरूअस्पताल में पिछले दो साल में हार्ट अटैक के शिकार पांच हजार मरीज आ चुके हैं। हृदय रोग विशेषज्ञों की मानें तो इसके पीछे की सबड़े बड़ी वजह अनियमित दिनचर्या और तनाव है। स्वस्थ जीवन शैली को अपनाकर इस खतरे को कम किया जा सकता है। मौसम बदलने और ठंड का असर कम होने के बाद भी हार्ट अटैक के मामलों में तेजी आ रही है। सोमवार को हृदय रोग विभाग की ओपीडी में दिल के 150 से अधिक मरीज आए। इनमें से 27 मरीज हार्ट अटैक के रहे। दिल का दौरा पड़ने वाले 15–20 मामले प्रतिदिन स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल पहुंच रहे हैं। हृदय रोग विभाग के पिछले दो वर्ष के आंकड़े माथे पर बल डाल देने वाले हैं। इस अवधि में पांच हजार से अधिक हार्ट अटैक के मरीजों आ चुके हैं। दिल का दौरा पड़ने की बढ़ती यह दर चिंताजनक कही जास रही है। खास बात यह है कि जिन लोगों को दिल का दौरा पड़ रहा है, उनमें कम उम्र के युवा भी शामिल हैं। एसआरएन के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक सचदेवा का कहना है कि दिल का दौरा पड़ने की बीमारी अनियमित दिनचर्या की वजह से खरतनाक रूप ले रही है। लोग भागमभाग की जिंदगी में बिना रुके , बिना आराम किए सिर्फ काम किए जा रहे हैं। न काने की फुर्सत न सोने की। ऐसे में तनाव बढ़ता जा रहा है। इसी वजह से रक्तचाप बढ़ने के साथ ही खून गाढ़ा होने से दौरे पड़ रहे हैं। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. शाहिद बताते हैं कि एसआरएन अस्पताल में आ रहे दिल के मरीजों में युवाओं की संख्या कम नहीं है। ऐसे में युवाओं की सांसें थमने के भी



मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। लोगों को कब और कहां अटैक आ जाए, यह भी कहा नहीं जा सकता। कहीं गाते तो कहीं नातचे समय दौड़ा पड़ने से मौतें हो जा रही हैं। बीते शनिवार को सिविल लाइंस में साली की सालगिरह में नाचते समय दवा कारोबारी की हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। चिकित्सकों का कहना है कि दिनचर्या में सुधार लाने के साथ ही स्वस्थ जीवन शैली को अपनाना ही इससे बचाव का बेहतर और आसान उपाय है। कार्डियक अरेस्ट होने पर क्या बरतें एहतियात सफर के दौरान कार या ट्रेन के किसी कोच में या फिर सड़क अथवा घर पर अगर दिल दौरा पड़ जाए तो वहां मौजूद साथी को तत्काल कार्डियो पल्मनरी रिसेफिटेशन(सीपीआर) देनी चाहिए। लगातार सीने पर पंप करने और मसाज करने से जीवन चलते रहने की गुंजाइश रहती है। मुंह से सांस भी देना होता है फायदेमंद। सार्विटेट की गोली को जीभ के नीचे दबाकर रखने से दर्द में कमी आ जाती है। तत्काल नजदीकी अस्पताल में मरीज को पहुंचाना चाहिए, जहां आक्सीजन की तत्काल सुविधा मिल सके। हार्ट अटैक से बचने के उपाय फास्ड फूड से बचें , हरी सब्जियां और ताजे फल का सेवन करें। नशे से दूरी बनाएं। सिगरेट और मदिरा पान के अलावा तंबागू, गुटखा के सेवन से दूर रहना कारगर। सामान्य तौर पर 6–8 घंटे की नींद अवश्य पूरी करें। योगा, ध्यान करने के साथ पैदल चलना चाहिए, ताकि तमान में कमी आ सके।

## यूपी और बिहार में वाहनों की चोरी करके बेचने वाला युवक हुआ गिरफ्तारःचालान

कुशीनगर ब्यूरो : कुशीनगर जिले के रामकोला थाना क्षेत्र में वाहनों की चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार किया। उसके पास से चोरी के दो ट्रैक्टर, दो बाइक, एक बोलेरो, एक ट्राली और एक रोटावेटर बरामद हुए। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। रामकोला कस्बे में वाहन चोरी की घटनाओं की रोकथाम के लिए पुलिस गश्त पर निकली। मंगलवार को एसएचओ अखिलेश सिंह नेबुआ नौरंगिया मार्ग मथुरा नगर में वाहन चेकिंग कर रहे थे। तभी पुलिस ने बाइक सवार एक युवक को रोककर छानबीन की। युवक अपनी बाइक का कोई पेपर नहीं दिखा सका। पूछताछ में उसने पुलिस को बताया कि बाइक चोरी की है। युवक की पहचान नेबुआ नौरंगिया के बलुआ निवासी आकाश तिवारी के रूप में हुई। पुलिस ने उसके साथ सख्ती की तो वाहन चोरी की पांच घटनाओं का पर्दाफाश हुआ। उसने अलग–अलग जगहों पर छिपाकर रखे हुए दो ट्रैक्टर, दो बाइक, एक बोलेरो, एक



ट्राली और एक रोटावेटर को बरामद कराया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह अकेली ही चोरी करता है। उसने रामकोला चीनी मिल के यार्ड से दिन दहाड़े ट्रैक्टर चुरा लिया था। उसके खिलाफ गोरखपुर के शाहपुर, पडरौना कोतवाली, बिहार के बगहा में वाहन चोरी के मुकदमे दर्ज हैं। खड्डा सीओ संदीप वर्मा ने कहा कि वाहन चोरी के आरोप में युवक को गिरफ्तार किया गया है। वह शातिर किस्म का वाहन चोर है। अकेले ही ट्रैक्टर, बोलेरो इत्यादि वाहनों को चुराकर बेच देता है। उससे जुड़े अन्य लोगों की छानबीन की जा रही है।

## कलाकार्ट के जरिए युवाओं के हुनर को पंख लगा रहे निखिल सिंह : यूपी के 30 स्टार्टअप में बनाई जगह

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ : राजधानी में आयोजित किए गए तीन दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से यूपी को एक नई पहचान विश्व पटल पर मिली है। दुनिया के कई देशों के उद्योगपति और कंपनियों ने समिट में शिरकत की। जिन्होंने जमकर निवेश किया है। इसके साथ ही योगी सरकार ने स्टार्टअप्स को बढ़ाना देने के लिए भी लगातार काम कर ही है। जिसके तहत करीब एक साल पहले शुरू हुए स्टार्टअप कलाकार्ट को भी समिट में स्टाल लगाने का मौका मिला। कलाकार्ट के फाउंडर निखिल सिंह परिहार हैं। निखिल सिंह परिहार के इस स्टार्टअप को लगातार कामयाबियां मिल रही हैं। एक के बाद एक कई उपलब्धियां उनके स्टार्टअप के नाम दर्ज हो गई हैं। कलाकार्ट एक ऑनलाइन प्लेटफार्म है। जिसपर हाथ से बनी हुई पेंटिंग्स, पोर्ट्रेट व स्कल्पचर्स बहुत ही किफायती कीमत पर खरीदे जा सकते है। इस स्टार्टअप से देश भर के 500 से अधिक कलाकारों को जोड़ा गया है। जिन्हें रोजगार मिल रहा है। सरकार द्वारा चयनित टॉप 30 स्टार्टअप में कलाकार्ट को जगह मिली है। यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार ) असीम अरुण ने कलाकार्ट के नए ब्रांड "आर्टेम" का शुभारंभ किया। इस दौरान असीम अरुण ने कहा कि कलाकार्ट एक ऐसा नवाचार है जो देश की कला–संस्कृति को विश्व पटल पर ले जा रहा है। उन्होंने सरकार की नई स्टार्टअप नीति को भी विस्तार से




बताया। कलाकार्ट के फाउंडर निखिल सिंह परिहार को ग्लोबल स्टूडेंट एंटरप्रेन्योर अवार्ड 2022 में यूपी के 100 से अधिक युवा उद्यमियों में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इसके अलावा ईओ जयपुर द्वारा देश के टॉप 10 स्टूडेंट उद्यमियों में स्थान मिला। कलाकार्ट को लेमन आइडियाज द्वारा टॉप ग्लोबल 500 स्टार्टअप में भी स्थान मिला। कलाकार्ट की टीम में को–फाउंडर वीरेंद्र विक्रम सिंह, मुख्य वित्त अधिकारी सरताज सिंह (आई.आई.एम इंदौर), मुख्य तकनीकी अधिकारी विजय प्रजापती, मुख्य मार्केटिंग अधिकारी साक्षी महतो (आई.आई.एम अहमदाबाद) शामिल हैं ।

## सामूहिक दुष्कर्म में शामिल महिला को भी ठहराया जा सकता है दोषी –हाईकोर्ट

प्रयागराज ब्यूरो : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि सामूहिक दुष्कर्म में महिला अगर शामिल है तो उसे भी दोषी ठहराया जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि वैसे तो कोई महिला दुष्कर्म का अपराध नहीं कर सकती है, लेकिन उसने लोगों के समूह के साथ मिलकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया तो संशोधित प्रावधानों के अनुसार उस पर गैंगरेप का मुकदमा चलाया जा सकता है। यह टिप्पणी करते हुए कोर्ट ने सिद्धार्थनगर के थाना बांसी में दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने की मांग वाली याचिका पर राहत देने से इन्कार कर दिया और कहा कि मामले में हस्तक्षेप की जरूरत नहीं है। यह आदेश न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव ने सुनीता पांडेय की याचिका को खारिज करते हुए दिया है। निचली अदालत के फैसले को हाईकोर्ट ने रखा बरकरार याची की ओर से कहा गया कि वह महिला है और दुष्कर्म नहीं कर सकती है। उसे फर्जी फंसाया गया है। मामले में याची का



नाम पीड़ित के सीआरपीसी की धारा 161 और 164 के बयान के तहत आया था। निचली अदालत ने उसे ट्रायल का सामना करने का आदेश दिया। याची ने उसे हाईकोर्ट में चुनौती दी। कोर्ट ने विचार करते हुए कहा कि अगर कोई महिला सामूहिक रूप से दुष्कर्म में शामिल है तो उसके खिलाफ भी मुकदमा चल सकता है और उसे दंड दिया जा सकता है।

## विश्व रेडियो दिवस : क्रिकेट की कमेंट्री और चित्रपट के गाने सुनने हेतु अपने हाथ से बनाया रेडियो


प्रयागराज ब्यूरो : मुफ्त मनोरंजन के साधनों की भरमार के बीच हाशिये पर गए रेडियो के मुरीद विजय मित्तल से मिलिए। जब विविध भारती के लोकप्रिय कार्यक्रम हवा महल, फरमाइशी फिल्म संगीत और क्रिकेट की कमेंट्री पूरे मुहल्ले को सुनाने के लिए उन्होंने अपने हाथ से खुद का रेडियो बना डाला। हस्त निर्मित उनका रेडियो अभी भी उनके पास सलामत है। विश्व रेडियो दिवस पर विजय मित्तल का रेडियो प्रेम चर्चा में है। मीरापुर निवासी इलेक्ट्रिक इंजीनियर विजय मित्तल अब तक 22 से अधिक रेडियो बना चुके हैं। विविध भारती के हास्य झलकियों वाले कार्यक्रम हवा महल, फरमाइशी प्रोग्राम के अलावा कमेंट्री पड़ोसियों और दोस्तों को सुनाने के लिए पहली बार उन्होंने 1986 में रेडियो बनाया था। तब वह लखनऊ से रेडियो इंजीनियरिंग में एक वर्ष का डिप्लोमा कोर्स कर के आए थे। उनके हाथ का बनाया रेडियो पर मीरापुर में बजता था , तब आसपास के मुहल्लों के लोग जमा हो जाते थे। आकाशवाणी से आने वाले समाचार हों या फिर बच्चों, बाल जगत के अलावा महिलाओं का घर–आंगन या फिर गृह लक्ष्मी कार्यक्रम, सभी चाव से चुने जाते थे और नाम विजय मित्तल का होता था। विजय का पहला रेडियो तब



बजन लगा तब आसपास के लोगों ने उनसे दूसरा बनाने का आग्रह किया। दोस्तों के अनुरोध पर उन्होंने दूसरा रेडियो बनाया। विजय मित्तल का रेडियो से लगाव छूटा नहीं है। इस दौर में भी जब टीवी के बाद इंस्टाग्राम, यू–ट्यूब से लेकर मनोरंजन की अनेक सोशल साइट्स धूम मचा रही हैं, तभ भी रेडियो ही उनका साथी है। वह अब भी रेडियो अपने पास रखते हैं। रेडियो के प्रति उनकी दीवानगी करीब से देखी जा सकती है। इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने वाले विजय ने अपने हाथ के बनाए रेडियो को यादगार निशानी के तौर पर अपने पास सुरक्षित रखा है।

## नुमाइश में गंधक व पोटाश युक्त सामग्री ले जाने पर रोक : कार्टेज ब्लास्ट से दो हुए थे घायल

दिल्ली ब्यूरो : अलीगढ़ की नुमाइश में सोमवार शाम को टॉय गन बारूद बुलेट में ब्लास्ट होने से दो युवक झुलस गए थे। घटना के बाद नुमाइश प्रशासन प्रदर्शनी में गंधक व पोटाश युक्त सामग्री ले जाने पर रोक लगा दी है। साथ ही घटना के दृष्टिगत निगरानी टीम भी बनाई गई है। गंधक व पोटाश से बने प्लास्टिक के कार्टेज के कारण नुमाइश में हुई घटना को देखते हुए एडीएम सिटी व प्रभारी अधिकारी मीनू राणा ने एसीएम प्रथम, सीओ द्वितीय व अग्निशमन अधिकारी की एक टीम गठित की है। यह टीम गंधक व पोटाश से बने इस प्रकार के किसी भी कार्टेज की निगरानी करेगी। साथ ही नुमाइश में गंधक व पोटाश से बने किसी भी प्रकार के कार्टेज के आवागमन पर यह टीम प्रभावी कार्यवाही करते हुए रोक लगाएगी। जनपद मुजफ्फरनगर की कोतवाली क्षेत्र के गांव मंसूरपुर निवासी रहीस नुमाइश, मेला एवं हाट पैंठ में दुकान लगाकार खिलौने वाली बंदूक (टॉय गन) एवं कारतूस बेचते हैं। इस बार भी उन्होंने नुमाइश में दुकान सजा रखी है। सोमवार



को रहीस का बेटा अनस और भतीजा नुमान पुत्र सलीम दूसरी जगह दुकान लगाने को बोरे में खिलौना बंदूक एवं कारतूस एक बोरे में भरकर ले जा रहे थे। आरोप है कि रास्ते में उन्हें एक भीख मांगने वाले व्यक्ति ने रोक लिया। उन्होंने भीख में पैसे देने से मना किया तो भिखारी ने उनके साथ धक्का–मुक्की कर दी। इससे अनस और नुमान के हाथ में लगी बोरी गिर पड़ी। तभी कारतूस बारूद में जोरदार धमाका हुआ। उठी चिंगारी की चपेट में आकर अनस और नुमान बुरी तरह से हाथ एवं पैरों में झुलस गए। धमाके की आवाज सुनकर आस– पास के लोगों में खलबली मच गई।

## नुमाइश के नानखटाई दुकानदार की हत्या

दिल्ली ब्यूरो : महानगर के बन्ना देवी क्षेत्र में आईटीआई रोड पर सोमवार रात नानखटाई के दुकानदार की गोली मार कर हत्या कर दी गई। घटना के वक्त दुकान संचालक नुमाइश में दुकान बंद कर लौट रहा था। तभी बाइक सवार दो युवकों ने उसको गोली मार दी। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस युवक को एएमयू के जेएन मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंची, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एसपी सिटी सहित पुलिस मौके पर पहुंच गई। घटना के मूल में कारण स्पष्ट नहीं है, पुलिस इसको किसी रंजिश से जोड़ कर देख रही है। सभी पहलुओं पर जांच चल रही है। मूल रूप से इटावा के थाना वैधपुरा थाना क्षेत्र के गांव जैतिया निवासी 26 वर्षीय देवेंद्र उर्फ सीटू अपने बड़े भाई दीपक और परिवार के साथ नान खटाई की दुकान मेलों में लगाने का काम करता है। अलीगढ़ नुमाइश में भी वह बीते 15 वर्ष से काम कर रहे हैं। यहां वह आईटीआई रोड पर किराए के मकान पर रह रहे हैं। रात करीब डेढ़ बजे नुमाइश से घर लौटते वक्त आईटीआई रोड पर घटना को



अंजाम दिया है। देवेंद्र के भाई और अन्य परिजन भी गोली लगने की सूचना पर मौके पर आ गए। सीओ द्वितीय पुनीत द्विवेदी को जांच कर रहे हैं। घटना को लेकर लूट की संभावना थी लूट मामला किसी न किसी कारण से उजागर दे रहे हैं। देवेंद्र के एक बेटा और बेटी है। पुलिस सभी संबंधित लोगों से पूछताछ कर जांच कर रही है, देवेंद्र के परिजनों से उसके बारे में जानकारी ली जा रही है। देवेंद्र के एक बेटा और बेटी है। पत्नी और परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है।

# संदिग्ध परिस्थिति में नहर में मिला युवक का शव : परिजन जता रहें है हत्या की आशंका

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सरपतहां थाना क्षेत्र के डेहरी गांव के पास शारदा सहायक नहर में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की 27 फरवरी को शादी होनी थी। शाम से युवक घर से लापता था। मंगलवार की सुबह नहर के किनारे जैकेट और बाइक लावारिश हालात में मिलने पर जब खोजबीन की गई तो नहर में युवक का शव मिला। हालांकि पुलिस शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही में जुटी है। सरपतहां थाना क्षेत्र के ईशापुर गॉव निवासी ओमकार सिंह (25) की शादी 27 फरवरी को शाहगंज क्षेत्र के एक गॉव निवासी युवती से होनी थी। जानकारी के अनुसार मृतक सोमवार की शाम से घर से लापता था। वह देर रात तक जब घर नही पहुंचा तो मां परेशान होने लगी। मंगलवार की सुबह डेहरी गॉव के पास शारदा सहायक नहर के पास मृतक की बाइक और जैकेट लावारिस हालत में पाया गया। स्थानीय लोगों ने जब इसकीं सूचना पुलिस को दी तो पुलिस ने खोजबीन शुरू कर दी। खोजबीन के दौरान मृतक का शव नहर में पाया गया। फिलहाल परिजन हत्या की आशंका जता रहे है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। नहर में शव मिलने की भनक लगते ही मंगेतर भी परिजनों के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर रोने–बिलखने लगी। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष सरपतहां लक्ष्मण विक्रम लक्ष्मण सिंह ने बताया कि युवक का शव नहर में पाया गया है। कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्यवाई की जायेगी।

# उद्देश्यपूर्ण अनुवाद मीडिया की जरूरत –प्रो. ऊषारानी राव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में मंगलवार को एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसका विषय मीडिया के क्षेत्र में अनुवाद की बढ़ती प्रासंगिकता था। इस मौके पर मुख्य अतिथि बाल्डविन महिला महाविद्यालय की प्रो. उषा रानी राव ने कहा कि बोलियों का जब संस्कार होता है तब वह भाषा बनती है। वर्तमान में रोजगारमूलक विषय प्रमुख है। उन्होंने कहा कि अनुवाद ने वैश्विक साहित्य के द्वार को खोला है। आज उद्देश्यपूर्ण अनुवाद की मीडिया को जरूरत है। उन्होंने कहा कि जैसे वेशभूषा से संस्कृति की पहचान होती है वैसे ही भाषा से देश की पहचान होती है। अनुवाद वर्तमान समय मे एक महत्वपूर्ण विधा के रूप में सामने आया है। उन्होंने कहा कि आज के समय मे इलेक्ट्रॉनिक मीडिया काफी सशक्त है। मीडिया में अनुवाद का महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने कहा कि आज अनुवाद की ही देन है कि देश के किसी एक कोने से सामाजिक, सांस्कृतिक, वैचारिक विषयों को पूरे देश में सुना जाता है और समझा जाता है। संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रही कुलपति प्रो. निर्मला मौर्य ने कहा कि अनुवाद में कोई न कोई ताकत तो है हीं, जो हमें मातृभाषा की ओर आकर्षित करती है। हिंदी बोलने से हमारा अपमान नहीं होता। इस संकोच को मन से निकालने की जरूरत है, तभी हमारी भाषा का विकास होगा। उन्होंने अपनी पुस्तक गर्भ संस्कार भेंट करते हुए कहा कि इसे छात्राओं को जरूर पढ़ना चाहिए इसमें पूरे गर्भ संस्कार के बारे में महत्वपूर्ण चीज दी गई है। विशिष्ट वक्ता काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के डॉ सत्य प्रकाश पाल ने कहा कि आज विज्ञापनों के दौर में भी हिंदी का



प्रयोग किया जाता है तो हिंदी भाषा को बोलने में कोई हिचक नहीं करना चाहिए। हिंदी विश्व स्तर पर एक पहचान बना रही है। अगर हम अपनी भाषा और संस्कृति से कटते है तो हम अपने मूल से भी अलग हो जाते है। उन्होंने कहा कि हिंदी अब लोकल से ग्लोबल होने लगी है। ऐसे में अगर भाषा जीवित रहेगी तो हमारा समाज और हमारी संस्कृति भी जीवित रहेगी। उन्होने कहा कि हिन्दी को बढ़ाने में शिक्षण संस्थान से अधिक सिनेमा जगत का योगदान है। स्वागत भाषण कार्यक्रम संयोजक डॉ मनोज मिश्र ने किया। इस दौरान कुलपति जी की पुस्तक अतिथियों को भेंट की गई। विषय प्रवर्तन करते हुए डॉक्टर सुनील कुमार ने कहा कि सूचना सभी तक सही पहुँचे इसलिए अनुवाद की आवश्यकता होती है। अतिथियों का परिचय डॉ नितेश जायसवाल ने दिया। संचालन डॉ अवध बिहारी सिंह और धन्यवाद ज्ञापन प्रो. देवराज सिंह ने किया। इस मौके पर प्रो. अविनाश पाथर्डीकर, प्रो. बीडी शर्मा, प्रो. मिथिलेश सिंह, डॉ प्रमोद यादव, डॉ रसिकेश, प्रमोद कुमार, डॉ जान्हवी श्रीवास्तव, डॉ श्याम कन्हैया, डॉ चन्दन सिंह, डॉ सुशील सिंह, डॉ स्वर्ण कुमार, डॉ काजल डे, डॉ दिनेश सिंह, डॉ आलोक दास, रेखा पाल, आदि मौजूद रहीं।

# अग्निशमन मानक पर खरे नहीं उतर रहे शहर में संचालित होटल सहित कई प्रतिष्ठान

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) : अयोध्या जिले मे होटल, गोदाम,रेस्टोरेंट,सरकारी व गैर सरकारी हॉस्पिटल,बिल्डिंग कांप्लेक्स,सरकारी व गैर सरकारी कार्यालय हो या फिर हर क्षेत्र में जितने भी निर्माण कार्य हुए हैं।उसमें से कुछ प्रतिष्ठानों को छोड़कर अन्य प्रतिष्ठान अग्निशमन विभाग के मानक पर खरे उतर नहीं रहे हैं।जिसके चलते आये दिन शहर में कोई ना कोई अग्निकांड की हादसे होते रहते है। इस समस्या पर इससे संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मी चुप्पी साधे हुए हैं देखा जाये।इनमें से यदि किसी भी प्रतिष्ठान का निर्णय कोई कराता है तो उसे विकास प्राधिकरण से मानचित्र लेना जरूरी होता है उससे भी ज्यादा महत्वपूर्ण अग्निशमन विभाग से अनापत्ति प्रमाणपत्र लेना अधिक जरूरी रहता है।अगर देखा जाए तो अकेले कोतवाली नगर क्षेत्र में कई होटल, रेस्टोरेंट, मैरिज लान, रियासी क्षेत्रों में बने ऊंचे ऊंचे मकान, स्कूल, कॉलेज, सरकारी व गैर सरकारी कार्यालय के साथ साथ अस्पताल व्यवसायिक माल सहित कई ऐसे प्रतिष्ठान का निर्माण हुआ है।जो अग्निशमन विभाग के मानक पर खरा नहीं उतर रहा है। भविष्य में कभी अग्निकांड जैसे भयानक घटना घटती है तो उसे काबू पाना मुमकिन ही नहीं नामुमकिन है।इसका उदाहरण दो वर्ष पूर्व फतेहगंज में सकरी गली में स्थित खान बटन वाले के यहां जब आग लगी तो उस समय उनका गोदाम भी घर में था।वहां पर दमकल तो क्या छोटी गाड़ी को भी छोड़िए अग्निशमन विभाग की मोबाइल बाइक भी नहीं जा सकी।देखते ही देखते लाखों का सामान जलकर खाक हो गया।इसी तरह कोतवाली नगर क्षेत्र में स्थित रिकाबगंज चौक मार्ग पर,रीडगंज देवकाली मार्ग पर स्थित रियासी में बने सोफे के गोदामों या सोफे बेड का कारोबार करने वाले व्यवसायियों के गोदामों में अग्निकांड की घटना हो। परंतु इसके बाद भी अग्निशमन विभाग अभी तक नहीं चेता हुआ है।देखा जाए तो इस समय शहर में स्थित अनेक निजी हॉस्पिटल ऐसे हैं जो अग्निशमन विभाग के मानक पर खरे नहीं उतर रहे हैं और कभी भी अगर अग्निकांड की घटना घटे जहां पर मरीज तो अपनी जान बचा ही नहीं पाएंगे।यही हाल होटलों



का भी है। जहां पर पूर्व यहां पर तैनात रहे पूर्व मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने अग्निशमन मानक पर खरा न उतरने पर कार्यवाही तो किया था परंतु यह कार्यवाही चेतावनी देकर छोड़ दी गई।होटलों में देखा जाए तो बाहर से आने वाले जो लोग ठहरते हैं अगर रात में कोई अग्निकांड जैसी घटे तो उनको यह भी नहीं पता रहेगा कि वे किधर से निकले।वे अग्निकांड घटना का शिकार हो सकते हैं। क्या कहते हैं सीएफओ एम पी सिंह वही इस संबंध में मुख्य अग्निशमन अधिकारी एमपी सिंह ने बताया कि उन्होंने अभी यहां पर कुछ ही माह पहले कार्य ग्रहण किया है।लेकिन उनकी पैनी निगाह उन प्रतिष्ठानों पर है जो अग्निशमन विभाग के मानक पर खरे नहीं उतर रहे हैं।उन्होंने बताया कि इस समय में जिले में कुल 130 कोचिंग संस्थान,1689 शिक्षण संस्थान,66 होटल,177 सरकारी व गैर सरकारी चिकित्सालय संचालित हैं।उन्होंने बताया कि इससे पहले उन्होंने विभाग द्वारा 14 प्रतिष्ठानों को अग्निशमन विभाग के मानक पर खरे न उतरने पर नोटिस जारी किया गया।कुछ पर कार्यवाही भी की गई और कुछ पर जवाब देने पर अगर संतोषजनक जवाब नहीं मिला तो उन पर भी कार्यवाही की जाएगी।उन्होंने बताया कि शीघ्र ही इनका निरीक्षण वे स्वयं तथा अपने विभाग के द्वारा विभिन्न कर्मचारियों को दायित्व सौंपकर कराएंगे।अगर कोई भी प्रतिष्ठान का स्वामी अग्निशमन विभाग के मानक पर खरा नहीं उतरता है तो उसके विरुद्ध कठोर से कठोर विभागीय कार्यवाही की जाएगी।अगर रिहायशी इलाकों में कोई भी स्वामी घरेलू निवास के लिये 15 मीटर से अधिक का बिल्डिंग निर्माण कराता है तो उसको अग्निशमन विभाग द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना पड़ेगा।

# विदाई समारोह में छात्रों ने पेश किया मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सिटी पब्लिक स्कूल में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा में सम्मिलित होने वाली छात्र–छात्राओं विदाई व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।जिसमे छात्र छात्राओं ने जमकर धमाल मचाया।करिश्मा, ओम गुप्ता, वेदिका, पलक, आयुषी ,शिवांगी, रानी, नैना ,सागर व अंकिता आदि ने गीत संगीत व डांस पेश कर लोगों को भाव विभोर कर दिया।कृतिका व तृषा राय द्वारा प्रस्तुत विदाई गीत सुन श्रोताओं की आंखें नम हो गई। विद्यालय प्रबंधक आलोक कुमार गुप्ता (पिंटू), प्रधानाचार्य शिव चंद तिवारी व रमेश मिश्रा ने आईआईटी जेईई मेन में चयनित छात्रों में सागर यादव व आयुष यादव समेत मेधावी छात्र छात्राओं को मेडल व उपहार देकर सम्मानित किया। इस दौरान डायरेक्टर आलोक कुमार गुप्ता ने कहा कि परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। परिश्रम द्वारा छोटे से छोटा मनुष्य बड़ा बन सकता है। परिश्रम के ही द्वारा सभी कार्य संभव है। शिक्षक शिव चंद तिवारी, किरण मौर्य, प्रज्ञा सिंह, कमलेश व कृपा गुप्ता ने छात्रों को सफलता के टिप्स दिए।चेष्टा साहू, तबस्सुम , नैना केसरी व भूमि केसरी आदि ने अपना अनुभव साझा किया।बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र छात्राओं को समारोह में तिलक लगाकर सम्मानित करते हुए उपहार देकर विदाई दी गई। पुलवामा कांड में शहीद सैनिकों को विद्यालय प्रबंधक आलोक गुप्ता ने श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक तिवारी व रंजीत गुप्ता ने किया। इस अवसर पर प्रज्ञा केसली, कृपा गुप्ता, रंजीत गुप्त, कमलेश मिश्रा,, सुभाष मिश्रा , सलोनी, डीपी सिंह ,पवन सर ,नीरज मिश्रा,, पल्लवी जयसवाल, बबीता , दीक्षा, शारीबा, सपना, उत्कर्ष, अरविंद, जेपी व जगत आदि लोग मौजूद रहे।

# एमबीए के छात्रों ने पुलवामा हमले में शहीदों को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के वित्तीय अध्ययन विभाग में पुलवामा में आतंकी हमले में शहीद हुए भारतीय सेना के 44 वीर जवानों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर प्रबंध अध्ययन संकाय के संकायाध्यक्ष प्रोफेसर अजय



द्विवेदी ने हमले को कायरतापूर्ण बताते हुए कहा कि किसी भी देश पर आतंकी हमला होना उस देश के लिए नहीं अपितु पूरे विश्व के लिए एक विचारणीय प्रश्न है। उन्होंने शहीदों के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। विभाग के शिक्षक सुशील कुमार ने शहीदों को याद किया तथा कहा कि आज भारत डिफेंस के क्षेत्र में अपने आप को तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर कर रहा है जिसमें डिफेन्स कोरिडोर का निर्माण, विदेशों से हथियारों के आयत में कमी तथा नए हथियारों का स्वदेशी निर्माण, बजट में समुचित धन का आवंटन इत्यादि कार्य महत्वपूर्ण है। विभाग के शिक्षक अबू सालेह ने बताया कि सभी को अपने अपने भूमिका को पहचानते हुए अपने दायित्वों का निर्वाहन करना ही सच्ची देशभक्ति है तथा देश की आतंरिक सुरक्षा सीमा पर तैनात सैनिकों के कारण बनी हुई है। तत्पश्चात विभाग के छात्र शुभम गुप्ता ने जवानों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए आतंकी हमले के बाद अपने जम्मू एवं कश्मीर की यात्रा का अनुभव साझा किया तथा भविष्य में इस तरह की घटना को रोके जाने हेतु लिए गए प्रभावी एवं कठोर निर्णय का समर्थन किया। शुभम उपाध्याय ने पुलवामा के आतंकी हमले को दुखद घटना बताते हुए सभी वीर शहीदों को याद कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की । कार्यक्रम का संचालन विभाग के छात्र शशांक भारती ने तथा धन्यवाद ज्ञापन ऋचा पाण्डेय ने किया। अंत में सभी शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा। इस मौके पर प्रतीक कुमार, रिषभ तिवारी, दीपक, विशाल अग्रहरी, किशन मिश्र, अजाज अहमद, सौम्य सिंह, साक्षी मौर्या, मो० आमिर, खुशी सिंह, हिमांशी यादव समेत विभाग के समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहें।

# देवरिया में बरातियों से भरी बस पलटी : छह घायल तथा दो गंभीर

देवरिया ब्यूरो : देवरिया जनपद में गौरी बाजार– रुदपुर मार्ग पर मठिया माफी के समीप सोमवार को देर रात बरातियों से भरी एक बस अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर पलट गई। इस हादसे में छह बराती घायल हो गए। सभी घायलों को सीएससी गौरी बाजार से जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। घायलों में दो की हालत नाजुक बताई गई है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से बस को बीच सड़क से हटवा



कर यातायात चालू कराया। गौरी बाजार थाना क्षेत्र के बांकी गांव के बढ़ई टोला निवासी नंदकिशोर जायसवाल लड़के की बरात सोमवार को गोरखपुर जनपद के खोराबार थाना क्षेत्र के करजहां में गई थी। द्वार पूजा, मंगलाचार, जयमाल के बाद दूल्हा पक्ष के लोग विवाह समारोह में व्यस्त हो गए। जबकि घरातियों को छोड़कर अधिकांश बराती भोजन के उपरांत वापस घर लौटने के लिए बस में सवार हो गए। इस बस में 45 से अधिक बराती सवार थे। बरातियों से भरी यह बस जैसे ही रात्रि 11:30 बजे के आसपास रुद्रपुर रोड के मठिया माफी के समीप पहुंची, तेज रफ्तार बस सड़क के बीचो–बीच एक पुलिया के समीप बने गड्ढे में गिरकर अनियंत्रित हो गई। थोड़ी दूर जाने के बाद यह बीच सड़क पर पलट गई। इस हादसे में बस में सवार आकाश चौहान 17 वर्ष पुत्र नंदू चौहान निवासी हरैया, चौरी चौरा, गोरखपुर, सुभाष यादव 60 वर्ष पुत्र प्रयाग यादव निवासी बांकी थाना गौरी बाजार, इसी गांव के मुद्रिका चौरसिया 50 वर्ष , कुल्लू चौरसिया 65 वर्ष रामचंद्र चौरसिया 50 वर्ष सभी पुत्रगण रामजस चौरसिया एवं गंगू 70 वर्ष पुत्र देवनारायण निवासी ग्राम बांकी थाना गौरी बाजार आधा दर्जन बाराती घायल हो गए। पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे एसएसआई महेंद्र मोहन मिश्र एवं राहगीरों ने सभी घायलों को सीएससी गौरी बाजार में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक नवीन सिंह ने बताया कि मठिया माफी में बस पलटने की सूचना मिली है। घायलों को उपचार हेतु भर्ती करा दिया गया है।

# घटिया निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने किया विरोध काम रोका : डीएम से शिकायत

जौनपुर पत्रकार धनंजय विश्वकर्मा : सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के जौनपुर–खुटहन मार्ग से बरैयाकाजी मोङ से लेकर नरौली गांव तक बन रही सड़क में घटिया निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन नारेबाजी विरोध जताते हुए काम रोक दिया और मामले की शिकायत जिलाधिकारी से की है। पैर से मारने गिट्टीया उखड़ जा रही है जिसका वीडियो भी वायरल कर दिया। जौनपुर खुटहन मार्ग के बरैयाकाजी मोड़ पर स्थित मां दुर्गा विद्यालय से लेकर नरौली गांव तक कुल 5 किलोमीटर पक्की सड़क के मरम्मत का कार्य चल रहा है। यह निर्माण कार्य पीडब्ल्यूडी विभाग ठेकेदार के माध्यम से कराया जा रहा है। निर्माण कार्य मानक के अनुसार न तो गिट्टीया बिछाई जा रही हैं और ना ही तारकोल का इस्तेमाल किया जा रहा है। जिसे जिसकी पेंटिंग के बाद दूसरे दिन गिट्ट उखङ जा रही हैं और ग्रामीणों पैर मारने पर गिट्टी भरभराकर उखङ गिट्टिया छिटक जा रही हैं। घटिया निर्माण को देखकर ग्रामीणों ने हंगामा शुरू कर दिया और विरोध जताते हुए काम को रोक दिया। वहां निर्माण एजेन्सी व ठेकेदार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए ग्रामीणों ने विरोध जताया ।लोगो ने मौके



पर काम रोक दिया और मामले की शिकायत जिलाधिकारी से की है और कार्यवाही की मांग की है । ग्रामीणों का आरोप है कि घटिया किस्म का सामग्री इस्तेमाल किया जा रहा है ।बता दें कि इस सड़क की मांग मां दुर्गा विद्यालय के प्रबंधक सूर्य प्रकाश सिंह मुन्ना ने मांग करते हुए विभाग को प्रस्ताव दिया था। जिससे मरम्मत पेंटिंग के लिए सड़क आई थी। लेकिन इसके घटिया निर्माण को लेकर आसपास के कई गांव के लोग भड़क गए हैं। इस मामले की शिकायत गांव के आशीष सिंह ने व्हाट्सएप पर जिलाधिकारी से कर दिया और जांच कराए जाने की मांग की है।

# 50 से अधिक भारतीय तजाकिस्तान में बंधक : भारत सरकार से की छुड़ाने की अपील

गोरखपुर ब्यूरो : 50 से अधिक भारतीय तजाकिस्तान की राजधानी दुशानबे से 100 किलोमीटर दूर एक स्थान पर बंधक बना लिए गए हैं। सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर कर भारत सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मदद की अपील करते हुए भारत बुलाने की मांग की है। बताया जा रहा है कि 28 लोग अकेले गोरखपुर और उसके आसपास जिलों के रहने वाले हैं। ये लोग गोरखपुर से एक ऑफिस के माध्यम से काम करने गए है। इसके एवज में किसी ने एक लाख तो किसी ने डेढ़ लाख रुपये दिए हैं। वायरल वीडियो में देवी प्रसाद ने बताया है कि राजधानी दुशानबे से 100 किलोमीटर दूर एक कंपनी बर्फीले पहाड़ों में डैम बनवा रही है। डैम पर सुरंग खोदने का काम किया जा रहा है। कंपनी ने धोखाधड़ी कर कमियों को बुला लिया। माइनस तापमान में कर्मचारी काम कर रहे हैं। लेकिन, कंपनी न खाने की व्यवस्था की है और न ही पानी की। यहां तक की रहने की व्यवस्था भी ठीक नहीं है। काम के लिए कोई लाइसें भी नहीं बना है न ही इंश्योरेंस किया गया है। कंपनी के गाड़ी का नुकसान हो रहा है कि तो उसका पैसा भी हम लोगों से ही काटा जा रहा है। इसे लेकर भारतीय दूतावात से अधिकारियों से वार्ता की गई थी। अधिकारी आए थे और जल्द से जल्द भारत भेजने की बात कहे थे। दूतावास के अधिकारियों के सामने कंपनी का एचआर भी भारत भेजने की बात कहा था। लेकिन, 10 दिन से अधिक का समय बीत गया अब तक कोई पहल नहीं की गई है।



कंपनी केवल बंधक बनाए गए कर्मियों की लिस्ट मांगती है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं करती है। जबकि, कंपनी में उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड के 50 से अधिक लोग फंसे हैं। 10 से अधिक वीडियो कर चुके हैं शेयर वीडियो के जरिए बताया कि इसे लेकर 10 से अधिक वीडियो शेयर किया जा चुका है। साथ ही ट्वीट भी किया गया है, लेकिन कोई पहल यहां से निकालने की नहीं हुई है। जबकि, अलग–अलग भारतीय अलग–अलग एजेंटों के माध्यम से आए हैं। सभी एजेंटों ने इसके लिए अच्छी खासी रकम भी वसूली है। दूसरी तरफ कंपनी का कहना है कि वीजा निशुल्क था, कोई रुपये नहीं लिए गए हैं। ऐसे में एजेंटों ने ध ोखाधड़ी करके इतने खराब जगह भेजकर फंसा दिया है।

# अफसरों के सामने जिंदा जलीं मां–बेटी : हंगामे के बीच लेखपाल पर कुल्हाड़ी से हमला

कानपुर ब्यूरो : कानपुर देहात के मैथा तहसील की मड़ौली पंचायत के चाहला गांव में ग्राम समाज की जमीन से कब्जा हटाने पहुंची पुलिस और प्रशासनिक अफसरों की टीम के सामने ही झोपड़ी के भीतर मां–बेटी जिंदा जल गए। दोनों को बचाने के प्रयास में गृहस्वामी व रुरा इंस्पेक्टर भी झुलस गए। आक्रोशित लोगों ने आग लगाने का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। लेखपाल पर कुल्हाड़ी से हमला कर घायल कर दिया। अफसरों की टीम को दौड़ा लिया। भीड़ का गुस्सा देख टीम के अन्य लोग भाग खड़े हुए। बाद में गुस्साए लोगों ने एसडीएम, रुरा इंस्पेक्टर, तहसीलदार व लेखपाल समेत गांव के 10 लोगों पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज किए जाने की मांग करते हुए शवों को नहीं उठने दिया। देर रात तक मंडलायुक्त और आईजी, डीएम लोगों को समझाने में जुटे रहे। सोमवार को जनसुवाई में डीएम नेहा जैन से मड़ौली गांव के कुछ लोगों ने ग्राम समाज की भूमि पर गांव के ही कृष्ण गोपाल दीक्षित उर्फ राघव का कब्जा होने की शिकायत की। इस पर डीएम ने एसडीएम को कार्रवाई के निर्देश दिए। दोपहर तीन बजे एसडीएम मैथा ज्ञानेश्वर प्रसाद, लेखपाल अशोक, राजस्व व रुरा इंस्पेक्टर के साथ मौके पर पहुंचे। राजस्व विभाग की टीम ने बुलडोजर से कब्जा हटना शुरू किया। तभी अचानक वहां बनी कृष्ण गोपाल की झोपड़ी में आग लग गई। घर में मौजूद कृष्ण गोपाल की पत्नी प्रमिला (54) और बेटी शिवा (22) लपटों के बीच फंस गईं। उन्हें बचाने दौड़े कृष्ण गोपाल व रुरा इंस्पेक्टर दिनेश गौतम झुलस गए। इस बीच मां–बेटी के जिंदा जलने से गुस्साए परिवार व गांव के लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। लेखपाल अशोक सिंह पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। कब्जा हटाने पहुंची टीम के अन्य लोगों ने अपने वाहनों को वहीं छोड़कर मौके से भागकर जान बचाई। इसके बाद लोगों ने एसडीएम मैथा, तहसीलदार लेखपाल व गांव के 10 लोगों पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज किए जाने की मांग शुरू कर दी। पुलिस को मां–बेटी के शव नहीं उठाने दिए।



मंडलायुक्त डॉ.राजशेखर, आईजी प्रशांत कुमार, डीएम नेहा जैन व एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने लोगों को मामले में कार्रवाई का भरोसा देकर समझाने का प्रयास किया। लेकिन देर रात तक लोगों ने शव नहीं उठने दिया। झोपड़ी में आग लगाने का आरोप– शवों के अंतिम संस्कार से इनकार कृष्ण गोपाल दीक्षित का कहना है कि टीम के कब्जा हटाने के दौरान गांव के कुछ लोगों ने झोपड़ी में आग लगा दी। पत्नी प्रमिला और बेटी शिवा भीतर सो रही थी। आग से दोनों जिंदा जल गईं। आरोप है कि राजस्व विभाग की टीम ने कब्जा हटाने के दौरान हैंडपंप और धार्मिक चबूतरा भी तोड़ डाला है। राजस्व व पुलिस अफसरों के साथ ही गांव के कुछ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज न होने तक शवों का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। डीएम की सफाई– मां–बेटी ने खुद को बंद कर झोपड़ी में लगाई आग डीएम नेहा जैन ने बताया कि कृष्ण गोपाल का ग्राम समाज की गाटा संख्या 1642 की जमीन पर कब्जा था। गांव के लोगों की शिकायत पर एसडीएम को मामले की जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। एसडीएम पुलिस की टीम के साथ कब्जा हटवाने गए थे। तभी मां–बेटी वहां बनी झोपड़ी में भीतर गईं और खुद को आग लगा ली। झोपड़ी से लपटें निलकती देख रुरा इंस्पेक्टर व कृष्ण गोपाल ने दोनों को बचाने के प्रयास में दोनों झुलस गए। पूरे मामले की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

# छात्रों को आत्मनिर्भर बनाने का हीरालाल अग्रवाल फाउंडेशन कर रहा प्रयास

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) कमजोर छात्रों को कंप्यूटर शिक्षा और कौशल विकास प्रदान करके उन्हें हर क्षेत्र में रोजगार मुहैया कराने का प्रयास हीरालाल अग्रवाल फाउंडेशन के फाउंडर भास्कर अग्रवाल की प्रमुख प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि कुछ छात्र मेधावी तो होते हैं परंतु धनाभाव के चलते अपने लक्ष्य को नहीं प्राप्त कर सकते हैं।उन्हीं मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति व शिक्षा के साथ–साथ कौशल विकास के अवसर प्रदान कराने व युवाओं को कंप्यूटर के क्षेत्र में तथा अन्य व्यवसाय जगत से जुड़े क्षेत्रों में रोजगार के अवसर प्रदान कराना अग्रवाल ज्ञान केंद्र अयोध्या के प्रमुख प्राथमिकता है। उन्होंने यह बातें सोमवार को देवकाली गेस्ट हाउस में स्थित अग्रवाल ज्ञान केंद्र पर आयोजित प्रेस से मिलिए कार्यक्रम में पत्रकारों से मुखातिब होते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि हीरालाल अग्रवाल मेमोरियल स्कॉलरशिप की स्थापना बिट्स पिलानी के पूर्व छात्र तथा हीरालाल अग्रवाल फाउंडेशन के फाउंडर भास्कर डी अग्रवाल के द्वारा शुरू की गई।उनके मुताबिक उस एक छात्र को प्रदान की जाती है जो अयोध्या जनपद का मूल निवासी हो और बिट्स पिलानी में प्रवेश करने के लिए उसका चयन भी हो गया हो उनके मुताबिक यह छात्रवृत्ति दो तरह की है।पहली छात्रवृत्ति वह छात्र जो अयोध्या का मूल निवासी हो मेरिट कम नीड के तहत 100% पूर्ण शिक्षण शुल्क प्रदान की जाएगी या शैक्षणिक सत्र 2023–24 या फिर 2024–25 में दी जाएगी।वहीं दूसरी छात्रवृत्ति प्रतिवर्ष +2000 की एक निश्चित राशि उत्तर प्रदेश राज्य के लखनऊ,कानपुर, गोरखपुर,गाजीपुर और वाराणसी से आने वाले एक जरूरतमंद छात्र को दी जाएगी।यह छात्रवृत्ति भी शैक्षणिक सत्र 2024–25 से शुरू होगी।बिट्स पिलानी पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया यह पिलानी दुबई, गोवा,हैदराबाद और मुंबई में परिसरों में चलने वाला एक प्रतिष्ठित संस्थान है।यह विज्ञान इंजीनियरिंग और प्रबंधन में



छात्रों को डिग्री प्रदान करता है इस संस्था में प्रवेश करने का मापदंड बिटसेट 2023 पिलानी गोवा और हैदराबाद में बिट्स पिलानी परिसरों में प्रथम डिग्री कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए एक कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन परीक्षा है।इस मौके पर अग्रवाल ज्ञान केंद्र के निदेशक अलका वर्मा ने बताया 2008 वर्ष में अयोध्या जिले में आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को शिक्षा और कौशल विकास के अवसर प्रदान कराने के लिए तथा युवाओं को रोजगार क्षमता में सुधार करने के लिए हीरा लाल अग्रवाल फाउंडेशन की स्थापना की गई इसके अंतर्गत 2010 में फैजाबाद में अग्रवाल ज्ञान केंद्र की स्थापना हुई जो पानी संस्थान द्वारा संचालित हो रहा है यह केंद्र पिछले कई वर्षों से 3400 से अधिक आर्थिक रूप से कमजोर छात्र व छात्राओं ने इस संस्था मे आकर इसका लाभ उठा चुके हैं।जिसमे से लगभग चार सौ युवा अन्य क्षेत्रों में रोजगार पा चुके हैं।वही एक दर्जन से अधिक युवा छात्र विदेशो मे भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इस संस्था में कंप्यूटर आधारित कोर्सेज भी कराए जाते हैं।जिसमें बेसिक आफ कंप्यूटर टैली ईआरपी .9 इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स पर्सनालिटी डेवलपमेंट ऑफिस प्रबंधन जैसे कौशल विकास से संबंधित कोर्स भी कराए जाते हैं इस मौके पर अग्रवाल ज्ञान केंद्र से जुड़े जुड़े अमित मणि त्रिपाठी के अलावा फैकल्टी में मीनाक्षी त्रिपाठी पिंकी यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# पुलिस ने ज्वैलर्स शॉप से टप्पेबाजी करने वाला आरोपी को माल सहित किया गया गिरफ्तार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) खंडासा मोड़ स्थित ज्वेलर्स की दुकान से बीते 10 फरवरी को लगभग 10 लाख रुपए के सोने के जेवरातों की हुई टप्पेबाजी के मामले में पुलिस टीम ने टप्पेबाज अमित पाठक पुत्र अंबिका पाठक निवासी नेतवारी चतुरपुर थाना तारुन को घटना में शामिल ब्रेजा गाड़ी के साथ कुमारगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा।मिल्कीपुर तहसील के थाना कुमारगंज क्षेत्र के खंडासा मोड़ स्थित सोनी ज्वेलर्स एवं बर्तन भंडार की दुकान पर बीते 10 फरवरी को एक युवक ग्राहक बनकर ओम लिखी सोने की लॉकेट व पीतल के बर्तन की खरीदारी करने पहुंचा था। ज्वेलर्स व्यापारी प्रेम कुमार सोनी से पहले सोने के लॉकेट दिखाने को कहा था।दुकानदार ने लाकेट दिखाया लेकिन टप्पेबाज युवक ने खरीदारी नहीं की उसने पीतल का लोटा, कटोरी व चम्मच की खरीदारी की तथा दुकानदार से पुनः कहा कि हमको पीतल की एक बड़ी प्लेट दिखा दीजिए जैसे ही दुकानदार प्लेट निकालने लगा उसी बीच टप्पेबाज ने काउंटर के अंदर डिब्बे में रखें सोने के आभूषण को लेकर गायब हो गया था। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर टप्पेबाज की तलाश कर ही थी। थाना कुमारगंज प्रभारी निरीक्षक शिव बालक के नेतृत्व में उपनिरीक्षक शंकर यादव, पुलिस चौकी प्रभारी एनडीए



संतोष कुमार मौर्या, चौकी प्रभारी चिलबिली उमेश कुमार वर्मा, कांस्टेबल अजय कुमार अपराध एवं अपराधियों के अभियान चला रहे थे। उसी बीच सूचना मिली की सोनी ज्वेलर्स की दुकान से टप्पेबाजी करने वाला अभियुक्त थाना क्षेत्र के बड़ी नहर पर अपनी चार पहिया ब्रेजा गाड़ी यूपी 42बीएफ 6923 के साथ मौजूद है।जानकारी मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को पकड़ कर थाने ले गई जहां पर पुलिस को तलाशी के दौरान 146 ग्राम पीली धातु, एक मोबाइल, एक गले का चौन पीली धातु व 360 रूपए नगद बरामद हुआ। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर आशुतोष मिश्रा ने बताया कि टप्पेबाजी करने वाले अभियुक्त अमित पाठक पुत्र अंबिका पाठक निवासी नेतवारी चतुरपुर थाना तारुन जनपद अयोध्या के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया।

## पीड़ित समस्या के समाधान हेतु संबंधित सीओ व एसपी ग्रामीण से करे संपर्क

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) पिछले दो महीने के अंदर कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त दुरुस्त बनाए रखने के साथ साथ कार्य के प्रति लापरवाही बरतने के आरोप में डीआईजी/ एसएसपी मुनिराज ने जिले में तैनात कई थानों व चौकियों के पुलिस कर्मियों पर कार्यवाही करते हुए उन्हें पुलिस लाइन का रास्ता दिखा दिया।जिसके चलते आज भी जिले के कई चौकी के व थाना बिना प्रभारी के चल रहे हैं।वहां के स्थानीय लोगों के साथ साथ ब्लॉक के कुछ ऐसे अधिकारियों का भी कहना है कि कुछ कार्यो का निराकरण संबंधित थाना के प्रभारी ही कर सकते हैं।जिसके चलते जिले के थाना हैदरगंज के अलावा उन चौकी प्रभारियों पर कार्य प्रभाव प्रभावित हो रहा है जहां पर संबंधित चौकी व थाने पर प्रभारियों की तैनाती डीआईजी एसएसपी मुनिराज द्वारा अभी तक नहीं की गई है।मालूम हो कि डीआईजी/एसएसपी ने अभी कुछ दिनों पूर्व कोतवाली नगर क्षेत्र के अलीगढ़ चौकी, दर्शननगर चौकी के साथ साथ थाना हैदरगंज क्षेत्र के प्रभारी निरीक्षक पर कार्यवाही करते हुए उन्हें पुलिस लाइन से संबद्ध कर दिया था।जिसके चलते संबंधित थानों व चौकियों पर प्रभारियों की नियुक्ति ना होने से स्थानीय लोगों का मानना है कि वहां पर इन प्रभारियों के अभाव में हम लोगों को दूरदराज स्थित उच्चाधिकारियों के दरवाजों पर या फिर जिला मुख्यालय पर आना पड़ता है।जिसके चलते उनका समय व धन दोनों के बर्बादी होती है।इस संबंध में एसपी देहात अतुल कुमार सोनकर ने बताया कि जिले के किसी भी थाना या चौकी पर प्रभारी निरीक्षक व चौकी



प्रभारियों की तैनाती ना होने के चलते कोई भी कार्य किसी प्रकार से प्रभावित नहीं हो रहा है।क्योंकि वहां पर तैनात वरिष्ठ उप निरीक्षक संबंधित थानों के कार्य को देख रहे हैं और वही चौकी प्रभारियों का कार्य किसी न किसी उप निरीक्षक की तैनाती कर संबंधित लोगों का समस्याओं का समाधान कराया जा रहा है।उन्होंने बताया किसी भी थाना व पुलिस चौकी क्षेत्र के पीड़ितों के समस्याओं का समाधान वहां पर नहीं हो पा रहा है तो वे सीधे अपने क्षेत्र के क्षेत्राधिकारी के अलावा एसपी ग्रामीण कार्यालय पर आकर खुद मिलकर अपने समस्याओं का निराकरण करा सकते हैं।कुल मिलाकर एसपी देहात अतुल कुमार सोनकर का भी मानना है कि जिन लोगों का समस्या का समाधान स्थानीय थाना चौकी वासियों कार्यालय पर नहीं हो रहा है वह सीधे इनसे जिला मुख्यालय पर संपर्क कर अपनी समस्या का समाधान करा सकते हैं।

# सीएचसी व मेडिकल स्टोर संचालकों के खेल से ग्रामीण महंगे दामों पर दवा लेने को मजबूर

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले के पिछड़े क्षेत्र के रूप में माने जाने वाले मिल्कीपुर क्षेत्र से इलाज कराने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर पहुंच रहे मरीजों व उनके तीमारदारों के साथ डॉक्टरों एवं मेडिकल स्टोर संचालकों द्वारा जबरदस्त खेल खेला जा रहा है। जहां प्रदेश सरकार द्वारा स्वास्थ्य विभाग को लगातार निर्देशित किया जा रहा है कि बाहर से मरीजों को दवाएं न लिखी जाए। आरोप है कि वही दूसरी ओर सीएचसी मिल्कीपुर के चिकित्सकों द्वारा क्षेत्र से आए मरीजों को खूब धड़ल्ले से बाहर की दवाएं लिखी जा रही है। बताते चलें कि चिकित्सकों द्वारा लिखी गई दवाएं पूरे इनायत नगर बाजार में किसी भी मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध नहीं है। चिकित्सक द्वारा अस्पताल के बाहर से लिखी दवा सीएचसी मिल्कीपुर गेट पर स्थित आजाद मेडिकल स्टोर पर ही मिलती है सीएचसी के डॉक्टरों एवं मेडिकल स्टोर संचालकों की करतूतों के चलते मरीज और तीमारदार महंगे दामों पर दवाएं खरीदने को विवश है। ऐसा ही एक मामला सीएचसी मिल्कीपुर पर देखने को मिला। मरीज किरन कुमारी सीएचसी पर संचालित ओपीडी में बैठे चिकित्सक से दवा कराने आई थी। ओपीडी में मौजूद डॉक्टर जे पी विश्वकर्मा द्वारा उन्हें बाहर की दवाई लिख दी गई। पीड़िता किरन कुमारी ने बताया कि वह डॉक्टर द्वारा लिखी गई दवाओं का पर्चा लेकर पूरे इनायतनगर बाजार स्थित मेडिकल स्टोरों पर घूमती रही, लेकिन उन्हें दवा नहीं मिल सकी। मेडिकल स्टोर तथा अन्य लोगों के बताने के बाद जब वह आजाद मेडिकल स्टोर पहुंची तो डॉक्टर द्वारा लिखी दवा मिली तो लेकिन काफी महंगे दामों में स्टोर संचालक द्वारा दी गई। जब बाहर से महंगी दवा लिखे जाने के संबंध में डॉक्टर जी पी विश्वकर्मा से जानकारी चाही गई तो उन्होंने बताया कि ऐसा नहीं सभी मेडिकल स्टोर पर दवा उपलब्ध है। स्थानीय लोगों की माने तो सीएचसी मिल्कीपुर गेट पर स्थित आजाद मेडिकल स्टोर को यहां के डॉक्टरों का संरक्षण प्राप्त है। सीएचसी मिल्कीपुर के द्वारा लिखी गई दवाओं से ही उनकी मेडिकल स्टोर का कारोबार काफी तेजी से फल फूल रहा है। सीएचसी मिल्कीपुर के डॉक्टर तथा आजाद मेडिकल स्टोर की कमीशन खोरी से मरीज तथा तीमारदार महंगे दामों पर दवा लेने को मजबूर हैं।

## ईओ विहीन गोसाईगंज नगर पंचायत का हुआ कामकाज ठप्प

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)नगर पंचायत अध्यक्ष का कार्यकाल समाप्त होने पर अधिशासी अधिकारी आलोक कुमार का 9 जनवरी 2023 को शासन द्वारा स्थानांतरण हो गया। इससे नगर पंचायत में सभी कामकाज ठप हो गये हैं। कर्मचारियों को भी नये अधिशासी अधिकारी की तैनाती का इंतजार है।नगर पंचायत अधिशाषी अधिकारी आलोक कुमार मिश्र को चार वर्ष पहले गोसाईगंज मे तैनाती मिली थी। उनके अच्छे कार्य से प्रणाली से जनता काफी खुश थी उनके चले जाने के बाद से किसी और ईओ की तैनाती अभी तक नहीं हो पाई। अधिशासी अधिकारी का स्थानांतरण महराजगंज जनपद हुआ है। एक माह से उपर गोसाईगंज नगर पंचायत ईओ विहीन है। नगर पंचायत सभासद प्रतिनिधि अशोक चौरसिया ने बताया कि बीते 9 जनवरी 2023 को ईओ आलोक कुमार स्थानांतरण जनपद महराजगंज हो गया। ईओ विहीन होने की वजह से नगर पंचायत में साफ–सफाई को छोड़कर अन्य कार्य बाधित हो गये है। नगर पंचायत का विकास कार्य रुक गया एवं इसी के साथ कर्मचारियों का वेतन भी नहीं मिल पा रहा है। इसी के साथ परिवार रजिस्टर की नकल, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, खराब हैंडपंप को सही कराने व बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट को ठीक कराने नगर पंचायत में पहुंचने वाले व्यक्तियों को निराश होकर लौटना पड़ता है। हालांकि कार्यालय में तैनात कर्मचारी लोगों के आवेदन जमा कर रहे है। ईओ की तैनाती होने के बाद संबंधित आवेदन पर कार्रवाई की बात कहते है। नगर पंचायत कर्मचारियों के अनुसार बताया गया कि साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिये गये है। अधिशासी अधिकारी की नियुक्ति के बाद परिवार रजिस्टर नकल, जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र आदि जारी किये जाएं।

## अधिक से अधिक पेड़ लगाने का ले संकल्प –धर्मवीर सिंह चौहान

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)एक पेड़ देश के नाम अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर्यावरण संरक्षण गतिविधि अयोध्या जिला के कार्यकर्ताओं ने सोहावल खण्ड में अशोक के पौधे का रोपण कर व अमलतास एवम् अर्जुन का बीजारोपण कर वसुधा को हरा–भरा करने का संकल्प लिया एवं बीज को पेड़ बनाने की इस यात्रा में सभी की सहभागिता का आह्वान किया।इस अवसर पर जिला पर्यावरण संयोजक धर्मवीर सिंह चौहान ने बताया कि संपूर्ण विश्व ग्लोबल वार्मिंग और उसके कारण हो रहे क्लाइमेट में भयंकर बदलाव से भयभीत है।मानव जीवन वायु पानी और अन्न पर पूरी तरह से निर्भर है। जिसमें वायु (ऑक्सीजन ) के बिना तो जीवन की कल्पना प्रतिपल की है, अर्थात मनुष्य की श्वासदृश्वास वायु से ही संभव है।हमारे भारत देश में प्रति व्यक्ति केवल 28 पेड़ ही है, जबकि आवश्यकता प्रति व्यक्ति 422 पेड़ की है । पेड़ो की प्रति व्यक्ति यह संख्या अंतरराष्ट्रीय मानकों द्वारा निर्धारित की गई है। जिला पर्यावरण सह संयोजक हरिसहाय ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण व संवर्द्धन हेतु राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पर्यावरण संरक्षण गतिविधि ने वर्ष भर चलने वाले अभियान एक पेड़ देश के नाम अपने हाथों में लिया है । प्रथम चरण में बीजारोपण से वृक्षारोपण करना है । इसके लिए घर–घर नर्सरी बनाना है। प्रत्येक घर में कम से कम 10 बीजों का रोपण हो, ऐसा लक्ष्य पर्यावरण संरक्षण गतिविधि का है ।प्रथम चरण मार्च में पूर्ण करना है तत्पश्चात् तैयार पौधों का रोपण करना है।इस अवसर उपस्थित कार्यकर्ताओं को नीम, पाकड़, पीपल, बरगद, जामुन, चितवन, गूलर आदि के एक सौ एक पौधे वितरित किए गए।कार्यक्रम में अभिषेक, विशाल, सुनील सिंह, सुरेंद्र, राजकुमार, लवकेश, विश्वास, शुभम सिंह, कपिलदेव तिवारी, आशुतोष सिंह, कुलदीप कांत, इंद्रदेव आदि उपस्थित रहे।

## केन्द्र और राज्य स्तर से आई स्वास्थ्य टीम ने परखी एमडीए अभियान की हकीकत : निरीक्षण मे सब कुछ मिला ठीक

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) : 10 से 27 फरवरी तक एमडीए अभियान को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा की गई तैयारियों का हकीकत जानने के लिए केन्द्र और राज्य स्तर से आई डॉ छवि पंत, संयुक्त निदेशक एनवीबीडीसीपी भारत सरकार,डॉ वीपी सिंह,अतिरिक्त निदेशक मलेरिया और वीबीडी / संयुक्त निदेशक,फलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम उत्तर प्रदेश,विश्व स्वास्थ्य संगठन की प्रतिनिधि डॉ तनुज शर्मा, पाथ संस्था के स्टेट प्रतिनिधि डॉ अर्पित पटनायक, पीसीआई संस्था के स्टेट प्रतिनिधि डॉ ध्रुव सिंह व पीसीआई गवर्नमेंट ऑफ इंडिया डॉ राजश्री की टीम ने जिले का भ्रमण किया।टीम के सदस्यों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मवई क्षेत्र अंतर्गत ग्रामसभा रानीमऊ के इम्तियाजनगर का भ्रमण किया।इस दौरान उन्हें सभी घरों पर मार्किंग, प्रशिक्षित टीम द्वारा लोगों को अपने सामने दवा का सेवन कराना और किसी को भी दवा का वितरण न करने जैसी सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त मिली।इसके लिए टीम ने सीएमओ डॉ अजय राजा और उनकी पूरी टीम की तारीफ की। वहीं घरों के भ्रमण के दौरान टीम को प्रतिरोधी मिले, जिन्हें प्रेरित कर अपने सामने दवा का सेवन करवाया।फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन करने के लिए प्रेरित करती हुईं संयुक्त निदेशक एनवीबीडीसीपी भारत सरकार, डॉ छवि पंत ने कहा कि फाइलेरिया मच्छर के काटने से होने वाला एक संक्रामक रोग है । व्यक्ति किसी भी उम्र में फाइलेरिया से संक्रमित हो सकता है। हाथ और पैर की सूजन व हाइड्रोसील फाइलेरिया के लक्षण हैं। इसकी रोकथाम और नियंत्रण के लिए फाइलेरिया मुक्ति अभियान अंतर्गत संचालित एमडीए के दौरान सरकार द्वारा मुफ्त में दी जाने वाली फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन जरूर करे।अतिरिक्त निदेशक मलेरिया और वीबीडी / संयुक्त निदेशक, फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम उत्तर प्रदेश सरकार डॉ वीपी सिंह ने बताया कि फाइलेरिया की



दवा खाने से यदि किसी को पेट दर्द, उल्टी, मितली, चक्कर आना, चकत्ते पड़ना और दिल की धड़कन तेज होने जैसी समस्या होती है, तो घबरायें नहीं बल्कि यह शरीर में फाइलेरिया के परजीवी होने का सबूत है। इसकी दवा आपके शरीर में फैले संक्रमण को पूरी तरह खत्म कर रही है।स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ बैठक कर टीम ने निर्देश दिया कि समाज के संभ्रांत व्यक्तियों, धर्मगुरुओं और कोटेदारों के माध्यम से लोगों को यह भरोसा दिलाएं कि सभी लोग निश्चिंत होकर फाइलेरिया रोधी दवा खाएं।इस दवा से कोई नुकसान नहीं होता है।दवा से परेशानी सिर्फ उन्हीं को होती है, जिनके शरीर में फाइलेरिया के वाहक माइक्रोफाइलेरिया मौजूद हैं और दवा के असर से उनका खात्मा होने लगता है । ऐसी किसी भी स्थिति से निपटने के लिए सीएचसी–पीएचसी पर रैपिड रिस्पांस टीम हैं,जो फौरन मदद करती हैं।इस मौके पर सीएमओ डॉ अजय राजा ने जनपदवासियों से अपील किया कि फाइलेरिया की दवा खाली पेट न खाएं और स्वास्थ्यकार्यकर्ता के सामने ही दवा खाएं द्ययह दवा गर्भवती, गंभीर रूप से बीमार लोगों और दो साल से कम उम्र के बच्चों को नहीं खिलानी है।इस मौके पर नोडल अधिकारी/ एसीएमओ वीबीडी डॉ अंसार अली, जिला मलेरिया अधिकारी मंजुला आनंद व पीसीआई संस्था के प्रतिनिधि पुनीत तिवारी समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

## कटिया लगाकर बिजली चोरी करने वाले लोगों पर हुआ प्राथमिकी दर्ज

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) विद्युत विभाग ने बिजली चोरी विरोधी अभियान तेज कर दिया है। विभागीय अधिकारियों ने रविवार को भोर में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान चार लोगों को कटिया लगाकर बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया, इनके लिए विरुद्ध धारा 135 में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी।उप खण्ड अधिकारी अनुराग कुमार शुक्ल के नेतृत्व में 33द11 केवी उपकेन्द्र लालबाग अयोध्या के अवर अभियंता प्रमोद कुमार व लाइन स्टाफ के साथ खीरगली व बहेलिया टोला मोहल्ला में सुबह करीब 5.30 बजे उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन चेक किए गए। उपखण्ड अधिकारी अनुराग कुमार शुक्ल ने बताया कि सघन चेकिंग अभियान में 27 संयोजनों को चेक किया गया जिसमें से बृजेश साहू, ईश्वरदीन गुप्त, मो. निशार, मो.हाफिज मौके पर एक अलग से कटिया डाल कर बिजली चोरी करते हुए हुए पाए गए। जिनके विरुद्ध भारतीय विद्युत धारा अधिनियम 135 के तहत प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। चेकिंग के दौरान विद्युत स्टाफ के दुर्गेश, जनार्दन यादव, रमेश व आशीष सिंह सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे।

## संविदा विद्युत कर्मियों के साथ मारपीट और धमकी देने का आरोप : कोतवाली में हुई शिकायत

अयोध्या।(डाक्टर आलोक श्रीवास्तव संवाददाता) राजस्व वसूली के लिए गए विद्युत उपकेंद्र बीकापुर के दो विद्युत संविदाकर्मियों के साथ गाली गलौज, मारपीट और धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है।मामले में अवर अभियंता दिलीप कुमार कनौजिया द्वारा मलेथू कनक निवासी दो आरोपियों के विरुद्ध बीकापुर कोतवाली में शिकायत पत्र देकर आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। घटना 10 फरवरी की बताई जाती है, बीकापुर विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता दिलीप कुमार कनौजिया द्वारा शिकायत की गई है कि शासन की मंशा के अनुरूप गांवो में राजस्व वसूली कैंप का आयोजन किया जा रहा है, आरोपियों द्वारा दोनों संविदाकर्मियों को गाली गलौज देते हुए लात घुसो से मारा–पीटा और जान से मारने की धमकी भी दी है। कोतवाली पुलिस शिकायत की जांच पड़ताल कर रही है।

# जीपीएस के वार्षिकोत्सव में बच्चों की प्रस्तुतियों ने लोगों का मन मोहा

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के रेवतीगंज में स्थित गायत्री पब्लिक स्कूल के 10वें वार्षिकोत्सव समारोह में बच्चों की प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए हास्य अभिनय क्रेजी टीचर के साथ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सदाचार की ताबीज, हिफाजत सपनों की, कोरोना महामारी, कर हर मैदान फतह, भगत की गति, स्वच्छ भारत आदि प्रस्तुतियां खूब सराही गईं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मिल्कीपुर विधायक अवधेश प्रसाद ने कहा कि शिक्षा से आत्मविश्वास और राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत होती है। जिसके लिए संसाधन नहीं बल्कि दृढ़ इच्छाशक्ति की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा न केवल व्यक्ति के व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लाती है बल्कि यह राष्ट्र निर्माण में सहायक होने के साथ ही विभिन्न प्रतियोगी विधाओं का सफलता पूर्वक सामना करने की क्षमता प्रदान करती है। विशिष्ट अतिथि के रूप में बरेली से आये ओसवाल शुगर मिल के जीएम बीएन मिश्रा ने कहा कि गायत्री पब्लिक स्कूल निरंतर ऊंचाइयों को छूता जा रहा है। विद्यालय द्वारा अब तक स्थापित किए गए कीर्तिमानों को याद कर खुशी का अनुभव होता है। उन्होंने विद्यालय परिवार और अभिभावकों की प्रशंसा की।विशिष्ट अतिथि विदुषी कवियित्री आद्विका भारद्वाज की रचना ' ठंड से वह मर गया ' सुनकर पूरा प्रांगण भावुक हो गया। मुख्य अतिथि ने विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों की सुविधाओं के लिए तो प्रबंधक उमाशंकर शुक्ल ने क्षेत्र के गरीब बच्चों की शिक्षा में सहयोगी कई घोषणाएं की। इसके पूर्व मां सरस्वती की प्रतिमा के पूजन अर्चन के साथ अतिथियों ने फीता काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की। बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, नृत्यों और नाटकों के माध्यम से जीवंत अभिनय कर उपस्थित अभिभावकों और क्षेत्रवासियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। गंभीर विषयों पर थीम डांस और नाटकों के माध्यम से समाज में व्याप्त कुरीतियों पर प्रहार किया गया। पूरा कार्यक्रम उप प्रबंधक रमा शंकर शुक्ल के दिशा निर्देशन और विद्यालय के बच्चों के संचालन में संपन्न हुआ। इस मौके पर प्रधानाचार्या शिखा दूबे प्रभा शंकर शुक्ल, गायत्री देवी, शशांक शुक्ल, घनश्याम त्रिपाठी, निरूपा शुक्ला, बख्तियार खान, अशोक तिवारी, धर्मेंद्र मिश्रा, बीरेंद्र दूबे, विक्रम जीत यादव सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

सम्पादक मंडल
श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।